दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




● नई दिल्ली । रविवार 08 दिसंबर-2024 ● वर्ष : 9 अंक : 345 पेज-08 ● RNI NO. DELHIN/2015/65364 ● मूल्य : ₹3

## राजनाथ सिंह आज से रूस की तीन दिवसीय यात्रा पर

### नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी श्री सिंह के साथ होंगे

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज से रूस की तीन दिन की आधिकारिक यात्रा पर रहेंगे। रक्षा मंत्रालय ने शनिवार को यहां बताया कि यात्रा के दौरान रक्षा मंत्री और रूस के रक्षा मंत्री एंड्री बेलौसोव मंगलवार को मास्को में सैन्य और सैन्य तकनीकी सहयोग पर भारत-रूस अंतर सरकारी आयोग की 21वीं बैठक की सह-अध्यक्षता करेंगे। दोनों नेता सैन्य-से-सैन्य और औद्योगिक सहयोग सहित रक्षा क्षेत्र में दोनों देशों के बीच बहुआयामी संबंधों की संपूर्ण श्रृंखला की समीक्षा करेंगे। वे आपसी हित के



समसामयिक क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी विचारों का आदान-प्रदान करेंगे।

रक्षा मंत्री सोमवार को यंत्र शिपयार्ड, कलिनिनग्राद में भारतीय नौसेना के नवीनतम बहुउद्देशीय स्टील्थ गाइडेड मिसाइल फ्रिगेट आईएनएस तुशिल को नौसेना के बेड़े में शामिल करेंगे। नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के त्रिपाठी भी इस अवसर पर श्री सिंह के साथ होंगे। इसके अलावा, रक्षा मंत्री द्वितीय विश्व युद्ध के दौरान मारे गए सोवियत सैनिकों के सम्मान में मास्को में ़अज्ञात सैनिक के मकबरे़ पर श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। वह भारतीय समुदाय के सदस्यों से भी बातचीत करेंगे।

## आज किसानों का जत्था करेगा दिल्ली कूच : पंढेर

### शंभू बॉर्डर पर आंदोलनरत किसान संगठन अपनी मांगों को लेकर अड़े हैं

**नई दिल्ली।** किसानों ने शनिवार को दूसरे दिन भी अपना आंदोलन जारी रखा और हरियाणा-पंजाब शंभू सीमा पर बड़ी संख्या में एकत्र हुए। आंदोलनकारी किसान रविवार को दिल्ली कूच करने वाले हैं। किसान संगठनों ने कहा कि 8 दिसंबर, रविवार को दोपहर 12 बजे किसानों का जत्था शांतिपूर्ण तरीके से दिल्ली की ओर कूच करेगा। हालांकि इससे पहले वे यह देखने के लिए इंतजार कर रहे हैं कि क्या केंद्र बातचीत के लिए कोई प्रस्ताव देता है? दूसरी ओर, अंबाला में धारा 144 लागू कर दी गई है, जिससे पांच या उससे अधिक लोगों के एकत्र होने पर रोक लगा दी गई है।

शंभू बॉर्डर पर किसान नेता सरवन सिंह पंढेर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि आज मोर्चे को चलते हुए 299 दिन हो गए हैं। खन्नौरी बॉर्डर के डल्लेवाल के अनशन को 12 दिन हो गए हैं। दो किसान शुक्रवार को पुलिस की कार्रवाई में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। कुल 16 किसान घायल हुए हैं। 4 किसानों को छोड़कर बाकी को अस्पताल से छुट्टी दी गई है।



उन्होंने कहा कि सरकार से बातचीत का कोई न्यौता नहीं आया है। रविवार, 8 दिसंबर को दोपहर 12 बजे 101 किसानों का जत्था शांतिपूर्ण तरीके से आगे बढ़ेगा। किसी किसान के पास हथियार नहीं होगा। हरियाणा पुलिस हम पर झूठा आरोप लगा रही है कि किसानों के पास हथियार थे।

**दिल्ली की ओर रवाना होगा किसानों का जत्था :** पंढेर ने कहा कि पुलिस की कार्रवाई से केंद्र सरकार और बीजेपी का चेहरा सबके सामने आ गया है। निहत्थे किसानों को दिल्ली पैदल जाने से रोका जा रहा है। सरकार मान रही है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य से आधा पैसा दिया जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान देश को भ्रमित करने की बात कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हम एमएसपी पर फसलों की खरीद की गारंटी के कानून की मांग कर रहे हैं। सरकार हमसे बात करने के मूड में नहीं है। इसलिए कल 101 किसानों का जत्था शंभू बॉर्डर से एक बार फिर दिल्ली की ओर रवाना होगा।दूसरी ओर, ग्रेटर नोएडा किसानों के समर्थन में पहुंचे एसपी सरधना विधायक अतुल प्रधान को पुलिस ने रोक लिया। भारी पुलिस फोर्स मौके पर सिरसा कासना टोल प्लाजा पर उन्हें रोका दिया।

## सोमवार को भी जारी रहेगी अधिवक्ताओं की हड़ताल

# अब आंदोलन में संघर्ष समिति के सदस्यों की उपस्थिति रहेगी अनिवार्य

### - सोमवार को समस्त टाइपिस्ट एवं स्टांप वेंडर भी बंद करेंगे अपना कार्य

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** अधिवक्ताओं पर हुए लाठीचार्ज के विरोध में गाजियाबाद बार एसोसिएशन बीते 40 दिनों से धरने पर बैठी हुई है। बार के साथ बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने भी मोर्चा खोला हुआ है। बार एसोसिएशन गाजियाबाद की मांग है कि इस मामले में जिला जज को हटाया जाए या उनका तबादला किया जाए। इसके साथ ही जिन पुलिसकर्मियों द्वारा अधिवक्ताओं पर लाठीचार्ज कराया गया था, उनपर भी कार्रवाई हो। बीते 40 दिनों से वकील धरने पर हैं और कचहरी का काम पूरी तरह बंद है। हजारों केस की सुनवाई हो नहीं रही है। तो जेल में बंद आरोपी और उनके परिवार वाले परेशान हैं। अधिवक्ताओं का आंदोलन कभी उग्र होता है। तो कभी साइलेंट मोड पर आ जाता है। बीते दिनों बार एसोसिएशन गाजियाबाद ने गाजियाबाद के चार जनप्रतिनिधि जिसमें कैबिनेट मंत्री से लेकर राज्य मंत्री और दो विधायकों को बार की सदस्यता से हटा दिया गया है। इसके बाद भी आंदोलन का कोई हल नहीं निकल रहा है। शनिवार को भी अधिवक्ताओं ने बार एसोसिएशन के बैनर तले अपना धरना प्रदर्शन जारी रखा।






### संघर्ष समिति के पदाधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य



करंट क्राइम : बार एसोसिएशन गाजियाबाद के अध्यक्ष दीपक शर्मा और सचिव अमित नेहरा ने शनिवार को पत्र जारी करते हुए कहा है कि जो आंदोलन चल रहा है उसके लिए आंदोलन संघर्ष समिति बनाई गई है। इस संघर्ष समिति में 51 सदस्य हैं। सभी को कहा गया है कि सभी आंदोलन संघर्ष समिति के नामित सदस्यों की आंदोलन और धरने के दौरान उपस्थिति अनिवार्य है। जिससे आंदोलन का सकारात्मक परिणाम प्राप्त हो सके और वकीलों का मान सम्मान सुरक्षित रहे। बता दें कि सोमवार को सीबीआई बिल्डिंग चेंबर नंबर 1 से चेंबर नंबर 24 व कलेक्ट कंपाउंड आने वाले अधिवक्ताओं के चेंबर एक से लेकर 150 तक के सभी अधिवक्ताओं को शामिल किया जाएगा। साथ ही 11 वरिष्ठ अधिवक्ता क्रमिक अनशन पर भी बैठेंगे।

### न्यायाधीश कक्ष की वीडियो बनने पर मुकदमा दर्ज

करंट क्राइम : शनिवार को न्यायालय कमरा नंबर 100 में पक्षकारों व अधिवक्ताओं को न्यायालय कार्य में रोकने की नीयत से सरकारी काम में बाधा डालने की एक वीडियो बनाने का प्रकरण सामने आया है। इस



मामले में न्यायालय सुरक्षा कर्मियों, न्यायालय स्टाफ द्वारा एक व्यक्ति को पकड़ा गया। जिसका नाम मोहसिन पुत्र अमजद बताया गया है। पेशे से स्वंय को एक अधिवक्ता का जूनियर बता रहा था। वीडियो बनाने के लिए हालांकि उसने क्षमा भी मांगी है।

उसके मोबाइल से वीडियो बरामद हुई है। जिसे सुरक्षा में खतरा और गोपनीयता सहित अन्य सरकारी काम में बाधित करने के आरोप पर मोहसिन के खिलाफ मुकदमा लिख लिया गया है। मामले की पुलिस जांच कर रही है। कवि नगर थाना पुलिस ने मुंसरिम रीडर सुरेंद्र की शिकायत के आधार पर यह है मुकदमा दर्ज किया है। जिसमें पुलिस ने धारा भारतीय न्याय संहिता-2023 के तहत 267 और 293 के तहत दर्ज किया है। एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है।

## लग रहे हैं भगवागढ़ में इस बात के अपने-अपने अनुमान नामित पार्षदों वाली लिस्ट में आयेंगे किन दस चेहरों के नाम

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** लोकसभा चुनाव भी हो गया और विधानसभा वाला उपचुनाव भी हो गया। अब दो वार्डों में उपचुनाव हो रहा है और इसी बीच चर्चा अब उस लिस्ट को लेकर तेजी से चल पड़ी है जिस लिस्ट में वो दस नाम शामिल होने हैं जिन्हें नामित पार्षद बनाया जाना है। इन नामों को लेकर भगवागढ़ में अपने अपने अनुमान लगाये जा रहे हैं और ये बताया जा रहा है कि इस लिस्ट में भाजपा के ये दस नाम आ सकते हैं। हालांकि अनुभवी भाजपाई अब नई भाजपा के ट्रेंड को लेकर वरिष्ठता और सक्रियता को ज्यादा बडा मानक नहीं मान रहे हैं। उनका कहना है कि पार्टी में कई ऐसे मामले हुए हैं जब मानकों से अलग हटकर फैसले आये हैं। ऐसे में अब नई लिस्ट के नामों में उन भाजपाईयों का भी शुमार हो रहा है जो भाजपा में नए हैं लेकिन सक्रिय चल रहे हैं। यहां पर दस नामों में दो महिला कार्यकर्ताओं के नाम का जिक्र है। इनमें से एक नाम नदिया पार से आना है और बताया ये जा रहा है कि दूसरा नाम लाईन पार से आ सकता है। दस पार्षदों वाली लिस्ट में जाति का संतुलन भी सधेगा और वरिष्ठता के भी कुछ नंबर जोड़े जा सकते हैं। वैश्य समाज से दो चेहरे इस लिस्ट में स्थान बना सकते हैं। एक चेहरा ओबीसी वर्ग से हो सकता है। बताने वाले बता रहे हैं कि नामित पार्षदों वाली लिस्ट में पंजाबी फैक्टर का इफैक्ट दिखाई देगा। यहां पर पंजाबी समाज के दो युवा चेहरों की बात चल रही है और इनमें से एक चेहरा लिस्ट में स्थान बनायेगा। दस पार्षदों को लेकर अलग अलग चर्चा है और ये बताया जाता है कि इस लिस्ट में स्थान बनाने के लिए किसी ने गाजियाबाद से लखनऊ तो किसी ने पूर्वांचल के एक बड़े शहर की ओर प्रस्थान भी किया है। किसके हिस्से में क्या आता है, ये देखा जायेगा और अब ये माना जा रहा है कि जनवरी के महीने में ये लिस्ट आ सकती है। यहां पर इस लिस्ट में किसका कितना दखल रहेगा, ये लिस्ट जारी होने के बाद पता चलेगा।

### किन तीन चेहरों ने कर दिया है नामित वाली कृपा से इंकार

करंट क्राइम। सूत्रों की बात माने तो तीन ऐसे भाजपाई हैं जिन्हें नामित वाली लिस्ट में कोई रूचि नहीं है। वो इस सूची का हिस्सा नहीं बनना चाहते। सूत्र बताते हैं कि इनमें एक पूर्व पार्षद का नाम शामिल है। इंकार वाली सूची में एक वरिष्ठ भाजपा नेता भी शामिल हैं। बताया जाता है कि भाजपा के इन तीन चेहरों ने नामित वाली कृपा से इंकार कर दिया है। वो पहले ही लखनऊ वाले बड़े पदाधिकारी को अवगत करा चुके हैं कि हमें इस कृपा में कोई रूचि नहीं है और यदि हमारा नाम इस सूची में कंसीडर हो रहा है तो उस पर विचार न किया जाये। हम पार्टी के कार्यकर्ता हैं और कार्यकर्ता के रूप में पार्टी की हमेशा सेवा करते रहेंगे।

## सिर कटी लाश की गुत्थी पुलिस ने सुलझाई

### तंत्र क्रिया के लिए दिया गया था 60 करोड़ का लालच

**- हत्या के मामले में चार आरोपी गिरफ्तार**

**- विकास उर्फ परमात्मा, नरेंद्र, पवन और पंकज को पुलिस ने भेजा जेल**



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** ट्रांस हिंडन जोन के अंतर्गत आने वाले टीलामोड थानाक्षेत्र पुलिस ने लगभग 6 माह पुराने एक सनसनीखेज मामले का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी सहित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। शनिवार को डीसीपी ट्रांस हिंडन जोन निमिष दशरथ पाटिल और एसीपी शालीमार गार्डन सलोनी अग्रवाल ने प्रेसवार्ता कर जानकारी दी है कि 22 जून को टीलामोड थानाक्षेत्र में जो सिर कटी लाश मिली थी, उसके हत्यारोपी और सह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। इसमें पकड़ा गया आरोपी 25000 का इनामी है। पुलिस ने घटना के बाद मृतक की मानव खोपड़ी, घटना में प्रयुक्त एक छुरी और एक जानवर की खोपड़ी के साथ ही मोबाइल फोन बरामद किया है।

इस मामले में पुलिस ने जीटीबी अस्पताल के लिफ्ट ऑपरेटर नरेंद्र और मुख्य हत्यारोपी विकास परमात्मा को भी दबोचा है। विकास परमात्मा ने तंत्र विद्या के लिए इस्तेमाल होने वाली मानव खोपड़ी राजू की हत्या कर अलग की थी, उसको भरोसा दिया गया था कि इस काम के लिए उसे 50 से 60 करोड़ रुपए मिलेंगे। फिलहाल इस मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए कुल चार आरोपियों गिरफ्तार करते हुए जेल भेज दिया है।

### तंत्र क्रिया से जुड़ा है पूरा मामला



करंट क्राइम : आईपीएस अधिकारी निमिष दयरथ पाटिल ने जानकारी दी है कि इस पूरे मामले में मुख्य आरोपी विकास परमात्मा है। जो 25000 हजार रुपये का इनामी था। साथ ही पुलिस ने इस मामले में धनंजय ,विकास, पवन, पंकज और नरेंद्र को गिरफ्तार किया है। जिसमें 15 अगस्त को धनंजय और विकास की गिरफ्तारी हो चुकी है जबकि अन्य लोगों को पुलिस ने शनिवार को गिरफ्तार किया है। बताया जा रहा है कि आरोपी नरेंद्र जीटीबी अस्पताल में लिफ्ट ऑपरेटर था। तो वहीं पवन और पंकज ने खोपड़ी को तंत्र क्रिया के इस्तेमाल करने की रणनीति बनाई थी और विकास परमात्मा को 50 से 60 करोड़ रुपए का फायदा होने की बात बताई गई थी। तभी वह हत्या कर शव को ठिकाने लगाने के बाद मृतक की खोपड़ी लेकर पहुंचा था।

### दिल्ली से शुरू हुई थी प्लानिंग और टीलामोड में फेंका था शव

करंट क्राइम : पुलिस ने इस मामले में तीन चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। जिसमें विकास और परमात्मा मुख्य हत्यारोपी जो मूल रूप से बिहार कर रहने वाला है उसकी उम्र 24 वर्ष है। साथ ही नरेंद्र जो 32 साल थाना नंद नगरी दिल्ली का रहने वाला है। पवन उम्र लगभग 40 वर्ष है और पंकज आदर्श नगर दिल्ली निवास का निवासी है। पुलिस सभी के आपराधिक इतिहास की जानकारी ले रही है। बताया जा रहा है कि मृतक राजू को पहले दिल्ली से ऑटो में लेकर आया गया फिर टीलामोड में लाकर उसकी हत्या की गई। फिर उसका सिर धड़ से अलग किया गया और खोपड़ी के बाल चाकू से हटाए गए ताकि उसे तंत्र विद्या के लिए इस्तेमाल किया जा सके।

### पैसों के लालच में रचा था हत्या प्लान

करंट क्राइम : पुलिस ने बताया है कि सभी ने पैसों के लालच में आकर तंत्र विद्या के लिए खोपड़ी के इंतजाम करने की प्लानिंग रची थी। विकास परमात्मा व धनंजय विकास प्रजापति द्वारा मानव की हत्या कर उसकी खोपड़ी लेकर आए। जिसे पवन तांत्रिक व पंकज को तंत्र विद्या कर पैसे कमाने के लिए दी गई थी। बता दें कि इस मामले में 50 से 60 करोड़ रुपए मिलने की बात कही गई थी लेकिन इनको कुछ हजार रुपए देकर ही डील की जा रही थी। पर यह डर के मारे खोपड़ी आगे नहीं पहुंचा रहे थे। पुलिस इस मामले में अन्य पहलुओं पर भी तफ्तीश कर रही है।

## गाजियाबाद में रात का पारा 6.5 डिग्री पहुंचा, पिछले 2 दिनों में सर्द हवा चलने से बढ़ी सर्दी, एनसीआर में एक्यूआई भी बढ़ा



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दिल्ली-एनसीआर में अब सर्दी तेजी से बढ़ने लगी है। रात का पारा 7 डिग्री सेल्सियस से नीचे आ पहुंचा है। पिछले 3 दिन से दिन व रात में सामान्य से तीन गुना तेज हवा चल रही है। आज दिन में हवा की स्पीड कम रहने के चलते राहत रहेगी।

आज रात का न्यूनतम तापमान .5 डिग्री सेल्सियस घटकर 6.5 डिग्री सेल्सियस पर दर्ज किया गया। वहीं आज दिन में अधिकतम तापमान 23 डिग्री रहने का अनुमान है।

दिन में धूप खिलने के साथ मौसम साफ रहने का अनुमान है। पिछले 3 दिनों में 11 किमी प्रति घंटा से चली तेज व सर्द हवाओं ने पूरे एनसीआर में ठंड बढ़ाई है।

**गाजियाबाद का एक्यूआई फिर बढ़ा :** गाजियाबाद में इंदिरापुरम समेत दूसरे क्षेत्रों की हवा साफ हुई है। लेकिन आज हवा की गुणवत्ता सूचकांक बढ़ा है। आज शनिवार को दिन में धूप खिलने के साथ मौसम साफ रहने का अनुमान है। इससे पहले शुक्रवार को दिन में मौसम साफ रहा और धूप खिली रही। आज गाजियाबाद व एनसीआर में अदकमें बढ़ोत्तरी हुई है। 2 दिन पहले गुरुवार को अदक102 पर आ पहुंचा था।

### कोहरा पड़ते ही दिन का तापमान गिरेगा

गाजियाबाद में आज दिन में मौसम साफ रहने का अनुमान है। रात का तापमान 7 डिग्री से नीचे आ पहुंचा है। दिन का तापमान 24 डिग्री रहने का अनुमान है। अगले वीक में तापमान में और भी डिग्री की गिरावट आनी बताई जा रही है, जिससे सर्दी और भी तेजी से बढ़ेगी। कोहरे की दस्तक के साथ दिन में मौमस बदल जाएगा। अभी दिन में धूप खिलने से राहत है। रात में 12 बजे के बाद तेजी से तापमान में गिरावट आ रही है, जहां सुबह 7 बजे के बाद तापमान बढ़ रहा है। सुबह से तापमान बढ़ना शुरू हो रहा है। दिन में तीन बजे अधिकतम तापमान पहुंच रहा है, उसके बाद शाम 4 बजे तापमान गिरना शुरू हो रहा है। जिससे शाम के समय भी सर्दी बढ़ रही है।

AIR QUALITY INDEX

**एनसीआर में एक्यूआई**

| शहर | अदक |
| --- | --- |
| गाजियाबाद | 159 |
| दिल्ली | 212 |
| ग्रेटर नोएडा | 198 |
| मेरठ | 122 |
| नोएडा | 158 |

# विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए राष्ट्रपति के तौर पर कई बार ओडिशा का दौरा किया : मुर्मू



**बांगिरीपोसी (ओडिशा)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि उन्होंने विकास कार्यों में तेजी लाने के लिए प्रोटोकॉल तोड़कर ओडिशा और अपने पैतृक जिले मयूरभंज जिले का कई बार दौरा किया है। मुर्मू राज्य की अपनी पांच दिवसीय यात्रा के अंतिम दिन यहां तीन नयी रेलवे लाइनों के अलावा एक आदिवासी अनुसंधान एवं विकास केंद्र, दंडबोस हवाई अड्डे और रायरंगपुर में उप-मंडलीय अस्पताल की आधारशिला रखने के बाद एक सभा को संबोधित कर रही थीं।

मुर्मू ने कहा, आमतौर पर राष्ट्रपति के तौर पर अपने राज्य और जिले का दौरा करने का प्रावधान नहीं है। हालांकि, मैंने प्रोटोकॉल तोड़ दिया और इस क्षेत्र के लोगों की कठिनाइयों के कारण बार-बार यहां का दौरा किया। इस क्षेत्र की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मैं अपनी ओर से जो भी संभव है, करती हूं। मुर्मू ने कहा कि जब वह झारखंड की राज्यपाल थीं, तब उन्होंने आदिवासी क्षेत्रों में रेलवे के विकास के लिए दबाव बनाने के वास्ते कई बार मौजूदा रेल मंत्री से मुलाकात की थी। राष्ट्रपति ने कहा, जब मैं वर्ष 2000 में ओडिशा की परिवहन मंत्री थी तो मैंने तत्कालीन रेल मंत्री से राज्य में इस क्षेत्र के विकास के लिए अनुरोध किया था। हालांकि, इस पर काम आगे नहीं बढ़ सका। अब, मैं प्रधानमंत्री और रेल मंत्री को किए जा रहे कार्यों के लिए धन्यवाद देती हूं।

मुर्मू ने कहा कि लोगों का प्यार और स्नेह उन्हें यहां तक खींच लाया है। राष्ट्रपति ने कहा, मैं यहां के लोगों, इस स्थान और इसकी आवश्यकताओं को जानती हूं। मैं अपने कार्यकाल के दौरान, जहां तक संभव होगा, इस क्षेत्र के लिए काम करती रहूंगी। राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि वह किसी से कोई अनुचित अनुरोध नहीं कर रही हैं। मुर्मू ने कहा, ह्यह्यमयूरभंज की कुछ जरूरतें हैं। यह राज्य का सबसे बड़ा जिला है। उसने (सरकार ने) इस जिले की जरूरत को समझा है। इसलिए मैं उसके सहयोग के लिए उसका आभार व्यक्त करती हूं।

# पीएम नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी, मुंबई पुलिस को मिला मैसेज, जांच शुरू



**मुंबई।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जान से मारने की धमकी दी गई। मुंबई पुलिस को शनिवार को व्हाट्सएप पर यह मैसेज मिला। मैसेज मिलने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। जांच में सामने आया है कि पीएम को जान से मारने की धमकी देने वाला मैसेज राजस्थान के अजमेर से भेजा गया था। मैसेज भेजने वाले संदिग्ध की तलाश में पुलिस टीम को अजमेर भेजा गया है।

पुलिस ने बताया कि मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन के व्हाट्सएप नंबर पर कुछ घंटे पहले यह संदेश भेजा गया। इसमें कहा गया कि दो आईएसआई एजेंटों और पीएम मोदी को निशाना बनाने के लिए बम ब्लास्ट करने की साजिश की जा रही है। जांचकताओं को संदेह है कि संदेश भेजने वाला मानसिक रूप से परेशान व्यक्ति है या शराब के नशे में उसने संदेश भेजा है। पुलिस ने मामले में एफआईआर दर्ज कर ली है। मुंबई ट्रैफिक पुलिस की हेल्पलाइन पर पहले भी ऐसे धमकी भरे संदेश मिल चुके हैं।

इससे पहले 27 नवंबर को मुंबई पुलिस कंट्रोल रूम में फोन करके पीएम मोदी को नुकसान पहुंचाने की धमकी दी गई थी। कॉल का पता पश्चिमी उपनगरों के अंबोली से लगाया गया और इसके बाद मामला दर्ज किया गया। मुंबई पुलिस की एक टीम ने महिला कॉलर का पता लगाया और उसे पूछताछ के लिए हिरासत में ले लिया था। जांच के बाद महिला मानसिक रूप से अस्थिर पाई गई और कॉल को 'शरारत' के तौर पर पाया गया। अधिकारी ने बताया कि महिला का कोई पिछला आपराधिक रिकॉर्ड नहीं है।

### सलमान खान को जान से मारने की धमकी का संदेश भी मिला था

मुंबई ट्रैफिक पुलिस की व्हाट्सएप हेल्पलाइन पर 7 नवंबर को कई संदेश आए, जिसमें कहा गया था कि संदेश भेजने वाला बिश्नोई गिरोह का सदस्य है। इस संदेश में चेतावनी दी गई थी कि अगर सलमान खान ने पांच करोड़ रुपये नहीं दिए तो उनकी हत्या कर दी जाएगी। भेजने वाले ने चेतावनी दी कि वह 'मैं सिकंदर हूं' गीत के लेखक को भी मार देगा। हालांकि पुलिस ने सक्रियता दिखाते हुए आरोपी को पकड़ लिया था।

# राजनाथ सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में योगदान देने का आह्वान किया



**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने लोगों से सशस्त्र सेना झंडा दिवस कोष में उदारतापूर्वक योगदान देने का आग्रह किया और इसे सैनिकों के कल्याण को सुनिश्चित करने की सामूहिक जिम्मेदारी बताया। सशस्त्र सेना झंडा दिवस हर साल सात दिसंबर को मनाया जाता है, ताकि सीमा पर वीरतापूर्वक लड़ने वाले शहीदों और जवानों को सम्मानित किया जा सके। सिंह ने एक्स पर एक वीडियो संदेश में कहा कि यह नागरिकों के लिए सैनिकों के अदम्य साहस, बलिदान और समर्पण को पहचानने और बहादुरों के प्रति जिम्मेदारियों को पूरा करने के संकल्प की पुष्टि करने का अवसर है। उन्होंने कहा, हमारे सशस्त्र बल एक अभेद्य सुरक्षा कवच के रूप में कार्य करते हैं, जो हर स्थिति में हमारी रक्षा करने के लिए हमेशा तैयार रहते हैं - न केवल बाहरी खतरों के दौरान, बल्कि प्राकृतिक आपदाओं के दौरान भी। उन्होंने कहा, हमारे सैनिकों का बलिदान और अनुशासन हर भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है।

पूर्व सैनिकों के कल्याण के प्रति सरकार की प्रतिबद्धता दोहराते हुए सिंह ने कहा कि पूर्व सैनिकों और उनके परिवारों की जरूरतों को पूरा करने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने लोगों से अपनी भूमिका निभाने का आह्वान किया और इस बात पर जोर दिया कि उनका योगदान सैनिकों और उनके परिजनों के लिए महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। उन्होंने कहा कि समाज के कल्याण के लिए प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है कि वह सौ हाथों से कमाए और हजार हाथों से दान करे।

# हमारा राष्ट्र और धर्म सुरक्षित है तभी हम भी सुरक्षित रहेंगे: योगी आदित्यनाथ



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 7 दिसम्बर शनिवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में एक बार फिर आक्रामक लहजा अपनाते हुए कहा जब तक हमारे धर्म सुरक्षित है, तभी तक हम भी सुरक्षित हैं। योगी यहां स्ववेंद महामंदिर धाम में आयोजित विहंगम योग संत-समाज की स्थापना के शताब्दी समारोह महोत्सव में शामिल होने के लिये आये थे। इस दौरान उन्होंने अपने संबोधन में कहा, 'हर काम देश के नाम होना चाहिए, हमारा कोई व्यक्तिगत अस्तित्व नहीं है। यदि हमारा राष्ट्र सुरक्षित है, तो हमारा धर्म भी सुरक्षित रहेगा, यदि हमारा धर्म सुरक्षित है तो हम भी सुरक्षित रहेंगे। योगी आदित्यनाथ ने शताब्दी समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह देश गुलामी की बेड़ियों से जकड़ा हुआ था। गुलामी की बेड़ियों से मुक्त कराने के लिए अपनी आध्यात्मिक साधना के साथ-साथ सदगुरु सदाफल महाराज ने आजादी के आंदोलन में बढ़-चढ़कर भाग लिया। योगी ने कहा, 'अकेले चुपचाप नहीं बैठ जाना है। एक कार्य पूरा हुआ तो अगले कार्य की शुरूआत कर देनी है, लेकिन हर कार्य देश के नाम, सनातन धर्म के नाम पर होना चाहिए। एक सच्चा संत देश और समाज की परिस्थितियों से हाथ पर हाथ रखकर चुपचाप बैठा नहीं रह सकता है। इसी के साथ 13 जनवरी से प्रयागराज में प्रारम्भ होने जा रहे महाकुंभ का जिक्र करते हुए सीएम योगी ने कहा कि एक कुंभ यहां पर है, तो दूसरा महाकुंभ प्रयागराज में 13 जनवरी से प्रारंभ होने वाला है। प्रयागराज महाकुंभ को सांस्कृतिक धरोहर के रूप में मान्यता दिला दी है। यही नहीं यह वर्ष हमारे लिए बहुत महत्वपूर्ण है। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 22 जनवरी, 2024 को 500 वर्षों का इंतजार समाप्त करते हुए अयोध्या में भव्य मंदिर में रामलला फिर से विराजमान हुए हैं। पीएम मोदी के कार्यकाल में वाराणसी में हुए विकास कार्यों का जिक्र करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि आप देख रहे होंगे कि आज काशी एक नई काशी है। प्रधानमंत्री मोदी ने 10 वर्षों में काशी को चमका दिया है। आज काशी में नमो घाट है। देश ही नहीं दुनिया का सबसे बड़ा घाट है, जहां हेलीपैड भी है। काशी में देव मंदिरों का कायाकल्प हुआ है। इंफ्रास्ट्रक्चर के कार्य- चाहे सड़क, रेल और वायु सेवा की कनेक्टिविटी हो, जो 2014 से पहले था उससे 100 गुना बेहतर अब है। अब काशी से हल्दिया के बीच जलमार्ग का उपयोग करते हुए भी अपनी यात्रा को आगे बढ़ा सकते हैं।

# गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही मोदी सरकार, राहुल गांधी का बड़ा आरोप



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने केंद्र सरकार की टैक्स नीति को लेकर एक बार फिर से निशाना साधा है। इसको लेकर उन्होंने एक्स पर बड़ा पोस्ट लिखा है। राहुल ने दावा किया कि सरकार अब एक और नया टैक्स स्लैब लाने जा रही है। उन्होंने अपने पोस्ट में लिखा कि पूंजीपतियों को छूट और आम लोगों से लूट का एक और उदाहरण देखिए। एक तरफ कॉरपोरेट टैक्स के मुकाबले इनकम टैक्स लगातार बढ़ रहा है। दूसरी तरफ मोदी सरकार गब्बर सिंह टैक्स से और ज्यादा वसूली की तैयारी कर रही है।

राहुल गांधी ने आगे लिखा कि सुनने में आ रहा है कि जीएसटी से लगातार बढ़ती वसूली के बीच सरकार एक नया टैक्स स्लैब पेश करने जा रही है - आपकी जरूरत की चीजों पर जीएसटी बढ़ाने की योजना है। उन्होंने कहा कि जरा सोचिए - अभी, शादियों का सीजन चल रहा है। लोग कब से पाई-पाई जोड़कर पैसे इकट्ठा कर रहे होंगे और सरकार इसी बीच 1500 से ऊपर के कपड़ों पर जीएसटी 12% से बढ़ाकर 18% करने जा रही है। कांग्रेस नेता वे कहा कि यह घोर अन्याय है - अरबपतियों को टैक्स में छूट देने और उनके बड़े से बड़े कर्ज.माफ करने के लिए गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों की मेहनत की कमाई को टैक्स द्वारा लूटा जा रहा है। हमारी लड़ाई इसी अन्याय के खिलाफ है। आम लोगों पर पड़ रही टैक्स की मार के खिलाफ हम मजबूती से आवाज उठाएंगे और इस लूट को रोकने के लिए सरकार पर दबाव बनाएंगे।

# वर्ष 2014 से पहले की सरकारों ने कल्याणकारी राज्य बनाने के लिए पूरे मन से काम नहीं किया : शाह



**अहमदाबाद।** केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने कहा कि 2014 से पहले की सरकारें कल्याणकारी राज्य के संवैधानिक उद्देश्य को हासिल करने के लिए पूरे मन से काम नहीं करती थीं लेकिन इस अवधारणा को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वास्तविकता में बदला। शाह ने कहा कि मोदी इस मंत्र को समझते हैं कि भारत का विकास तब तक नहीं हो सकता जब तक इसकी 60 करोड़ आबादी गरीब रहेगी, और उन्होंने पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोगों को गरीबी से बाहर निकालने के लिए काम किया।

उन्होंने अहमदाबाद में गुजरात लोक सेवा ट्रस्ट के वार्षिक समारोह को संबोधित करते हुए कहा, हालांकि, सरकार अकेले इतना बड़ा काम नहीं कर सकती। अगर ट्रस्ट, व्यक्ति और सेवा संगठन एक साथ आ जाएं तो हम जल्द ही इस समस्या का समाधान कर लेंगे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि बहुत ही विद्वत्तापूर्ण बहस के बाद संविधान सभा के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद इस निष्कर्ष पर पहुंचे थे कि कल्याणकारी राज्य की स्थापना संविधान का मूल उद्देश्य होना चाहिए। उन्होंने कहा कि राज्य के मूल उद्देश्य के तौर पर प्रत्येक व्यक्ति का कल्याण, समान विकास और प्रत्येक परिवार के लिए सम्मानपूर्ण जीवन सुनिश्चित करना तय किया गया था।

शाह ने कहा, प्रत्येक सरकार (2014 से पहले) ने अपने कार्यकाल में (कल्याणकारी राज्य के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए) जितना संभव था, उतना किया, लेकिन सांख्यिकी के एक छात्र के रूप में मेरा विश्लेषण कहता है कि 2014 से पहले, सभी लोग टुकड़ों में काम करते थे। सहकारिता मंत्रालय का भी कार्यभार संभाल रहे शाह ने कहा कि पिछली सरकारें गरीबों के लिए घर बनाने की योजनाएं लाईं और पीने का पानी, गैस सिलेंडर, स्वास्थ्य सुविधाएं और मुफ्त राशन देने की बात की; फिर भी, यह नरेन्द्र मोदी ही थे जिन्होंने कल्याणकारी राज्य की अवधारणा को वास्तविकता में बदला।

उन्होंने कहा, वर्ष 2014 में नरेन्द्र मोदी को जनता द्वारा प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद मोदी ने संकल्प लिया कि एक भी घर ऐसा नहीं होगा जहां शौचालय न हो और एक भी व्यक्ति ऐसा नहीं होगा जिसके पास घर और रसोई गैस सिलेंडर न हो।

शाह ने कहा, उन्होंने संकल्प लिया कि कोई भी व्यक्ति खाली पेट सोने को मजबूर न हो और हर महीने 65 करोड़ लोगों को पांच किलो अनाज मुफ्त वितरित किया। यह दुनिया में कहीं भी अभूतपूर्व है। उन्होंने कहा कि मोदी ने 2014 से 60 करोड़ लोगों को बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध कराकर यह सुनिश्चित किया कि संविधान निमार्ताओं द्वारा परिकल्पित कल्याणकारी राज्य की अवधारणा वास्तविकता बन जाए। शाह ने कहा, इसका नतीजा यह है कि आज 10 साल में 60 करोड़ लोगों में से 25 करोड़ लोग संयुक्त राष्ट्र की गरीबी की परिसे बाहर आ गए हैं। फिर भी मेरा मानना है कि सरकार अकेले इतना बड़ा काम कभी नहीं कर सकती।

# मायावती ने बांग्लादेश में दलितों के साथ हो रही हिंसा पर सपा-कांग्रेस की चुप्पी पर कसा तंज

**कहा सपा व कांग्रेस पार्टी संभल में हुई हिंसा के बहाने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने की कोशिश में लगी हुई है**



**लखनऊ।** बसपा सुप्रीमो और उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि पड़ोसी देश बांग्लादेश में बड़ी संख्या में हिंदू अत्याचार का शिकार हो रहा है। इनमें ज्यादातर लोग दलित और कमजोर वर्ग के हैं। इसीलिये कांग्रेस पार्टी इस मामले पर चुप है और यही कारण है कि वह संभल-संभल चिल्ला रही है। मायावती ने कहा कि इस मामले में सपा हो या कांग्रेस सभी एक ही थाली के चट्टे बट्टे हैं। ऐसे में केंद्र सरकार को अपनी जिम्मेदारी को निभाना चाहिए, जिससे दलित समाज के लोगों पर अत्याचार कम हो सके।

बता दें बांग्लादेश में जब से शेख हसीना की सरकार को जबरन हटाया गया है तब से वहां अल्पसंख्यक यानी हिन्दू समुदाय के हालात खराब बने हुए हैं। यहां आए दिन उन पर हमले किए जा रहे है। ये हमले इस्कॉन संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद से ही हर रोज बढ़ते जा रहे हैं। अल्पसंख्यकों पर हो रहे अत्याचार के खिलाफ भारत में भी विरोध देखने को मिल रहा है, लेकिन कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, चन्द्रशेखर रावण की आजाद समाज पार्टी सहित तमाम ऐसे दल जो मुस्लिम तुष्टिकरण की सियासत करते हैं चुप्पी साधे हुए हैं।

मायावती ने एक्स पर पोस्ट करते हुए कहा कि संसद में विपक्ष देश व जनहित के मुद्दे न उठाकर अपने राजनीतिक स्वार्थ के मुद्दे उठा रहा है। खासकर सपा व कांग्रेस पार्टी संभल में हुई हिंसा के बहाने मुस्लिम मतदाताओं को खुश करने की कोशिश में लगी हुई है, लेकिन अब तक इन्होंने बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार पर कुछ नहीं बोला है। ये केवल अपने मुस्लिम वोटरों को खुश करने में लगी हुई हैं। इन्हें अन्य मुद्दों से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने आगे कहा कि इतना ही नहीं, ये पार्टियां संभल में मुस्लिम समुदायों को आपस में लड़वा रही हैं.। मुस्लिम समुदाय को भी सतर्क रहना होगा। मायावती ने चंद्रशेखर आज पर तंज कसते हुए कहा कि इससे भी ज्यादा दुख की बात है कि जिनके वजह से दलित वर्ग के सांसद संसद में पहुंचे हैं, वो भी अपने पार्टियों के आकाओं को खुश करने के लिए दलित उत्पीड़न के मुद्दों पर चुप बैठे हैं। गौरतलब हो, बांग्लादेश में सबसे ज्यादा मुस्लिम और दलित है। वहां हिंसा का सबसे ज्यादा शिकार दलित वर्ग हो रहा है। ऐसे में सरकार अपनी जिम्मेदारी को बढ़-चढ़ कर निभाए। वहां की सरकार से बातचीत कर शोषण से शिकार लोगों को भारत वापस लाया जाए।

# छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंपा गया



**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने कहा कि पुलिस ने दो महिलाओं समेत छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ कर पड़ोसी देश के अधिकारियों को सौंप दिया। शर्मा ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, छह बांग्लादेशी घुसपैठियों को पकड़ कर वापस भेज दिया गया। असम पुलिस के कर्मियों ने अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास छह बांग्लादेशी नागरिकों को पकड़ा था। पकड़े गए लोगों की पहचान मोहम्मद दीदारुल इस्लाम, संतू खान, इस्माइल हुसैन राहत, साकिब हुसैन, शाति अख्तर और मीम शेख के रूप में हुई। शर्मा ने कहा, उन सभी को वापस (बांग्लादेश) भेज दिया गया है। मुख्यमंत्री ने हालांकि, यह नहीं बताया कि घुसपैठियों को भारत-बांग्लादेश सीमा के किस सेक्टर से पकड़ा गया था। इस वर्ष अगस्त में बांग्लादेश में अशांति फैलने के बाद से अब तक लगभग 167 लोगों को घुसपैठ करने के लिए पकड़ा गया और वापस भेज दिया गया। बांग्लादेश में अशांति फैलने के बाद से सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) ने उत्तर-पूर्व में 1,885 किलोमीटर लंबी भारत-बांग्लादेश सीमा पर चौकसी बढ़ा दी है।

**मॉर्निंग वॉक पर निकले कारोबारी की गोली मारकर हत्या**

# केजरीवाल बोले- अमित शाह ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया




**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजधानी में कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति के एक और मामले में, शाहदरा इलाके में एक व्यक्ति उस समय घायल हो गया जब दो लोगों ने उस पर गोली चला दी, जब वह सुबह की सैर से लौट रहा था। बाद में उनकी मृत्यु हो गई और उनकी पहचान कृष्णा नगर के 52 वर्षीय सुनील जैन के रूप में हुई। शुरूआती रिपोर्ट्स के मुताबिक, वह बर्तनों का कारोबार करने वाले कारोबारी थे। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और आगे की जांच की जा रही है।

वह बर्तनों का कारोबार करने वाले कारोबारी थे। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है और आगे की जांच की जा रही है। डीसीपी शाहदरा ने कहा कि फर्श बाजार थाना क्षेत्र में सुनील जैन नामक व्यक्ति को गोली लगी हुई अवस्था में पाया गया। बताया गया कि मोटरसाइकिल पर आए दो लोगों ने उसे गोली मार दी। क्राइम टीम को मौके पर बुलाया गया है. आगे की जांच जारी है। घटना पर प्रतिक्रिया देते हुए दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में खराब कानून-व्यवस्था की स्थिति के लिए गृह मंत्रालय की आलोचना की।

केजरीवाल ने एक्स पर लिखा कि अमित शाह जी ने दिल्ली को बर्बाद कर दिया। दिल्ली को जंगल राज बना दिया। चारों तरफ लोग दहशत की ज़िंदगी जी रहे हैं। बीजेपी से अब दिल्ली की कानून व्यवस्था नहीं संभल रही। दिल्ली वालों को एकजुट होकर आवाज उठानी होगी। वहीं, मंत्री सौरभ भारद्वाज ने कहा कि क्राइम कैपिटल - शाहदरा जिले में सुबह ही गोलियों की आवाज गूंज उठी जब बर्तन व्यापारी संजय जैन मॉर्निंग वॉक करके अपनी स्कूटी से घर की तरफ लौट रहे थे तभी बदमाशों ने रोक कर उन पर ताबड़तोड़ गोलियां चला दी। बताया जा रहा है कि 6 से 7 राउंड फायर चले और सभी गोलियां संजय जैन को लगी है।

# प्लेसेज ऑफ वर्शिप एक्ट पर सुप्रीम कोर्ट ने बनाई स्पेशल बेंच, 12 दिसंबर को सुनवाई



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट 12 दिसंबर को पूजा स्थल (विशेष प्रावधान) अधिनियम, 1991 के कुछ प्रावधानों को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई करेगा, जो किसी पूजा स्थल को पुनः प्राप्त करने या उसके चरित्र में बदलाव की मांग करने के लिए मुकदमा दायर करने पर रोक लगाते हैं। भारत के मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना और जस्टिस पीवी संजय कुमार और केवी विश्वनाथन की विशेष पीठ दोपहर 3.30 बजे मामले की सुनवाई करेगी। यह अधिनियम किसी भी पूजा स्थल के रूपांतरण पर रोक लगाता है और किसी भी पूजा स्थल के धार्मिक चरित्र को बनाए रखने का प्रावधान करता है जैसा कि वह 15 अगस्त, 1947 को अस्तित्व में था। इससे पहले आज, ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने मस्जिदों के नीचे मंदिर होने का दावा करने वाली याचिकाओं के बीच भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार पर तीखा हमला किया और आरोप लगाया कि सत्तारूढ़ दल का अदृश्य हाथ है। भारत के लोगों को इतिहास के उन झगड़ों में धकेला जा रहा है जहां उनका अस्तित्व ही नहीं था। कोई भी देश महाशक्ति नहीं बन सकता अगर उसकी 14 फीसदी आबादी इस तरह के लगातार दबावों का सामना करती है। ओवैसी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि उनका कर्तव्य है कि वे पूजा स्थल अधिनियम का बचाव करें और इन झूठे विवादों को समाप्त करें।

# अपने बयान से पलटे कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बोले- सत्ता साझाकरण पर कोई समझौता नहीं हुआ

**इस दौरान खबरें आई थीं कि दोनों के बीच रोटेशन मुख्मंत्री फॉमूर्ला पर समझौता हुआ है, जिसमें दो साल शिवकुमार भी मुख्यमंत्री रहेंगे।**



**नई दिल्ली।** कर्नाटक के डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने शनिवार को अपने बयान पर यूटर्न लिया। उन्होंने कहा कि पार्टी में किसी को भी उनके और मुख्यमंत्री सिद्धारमैया के बीच सत्ता साझेदारी को लेकर किसी भी तरह के समझौते के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। सत्ता साझाकरण को लेकर कोई समझौता नहीं हुआ है। हम बस आपसी राजनीतिक समझ के साथ काम कर रहे हैं।

राज्य के डिप्टी सीएम और राज्य कांग्रेस प्रमुख डीके शिवकुमार ने पिछले दिनों एक कार्यक्रम में कहा था कि सत्ता में आने से पहले उनके और सीएम सिद्धारमैया के बीच एक समझौता हुआ था। इसके जवाब में सीएम सिद्धारमैया ने कहा था कि ऐसा कोई समझौता नहीं था और वह आलाकमान के फैसले का पालन करेंगे। इस मामले में डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार ने कहा कि किसी को भी किसी समझौते के बारे में बात नहीं करनी चाहिए। कोई सत्ता-साझाकरण जैसा ऐसा कुछ नहीं है। हम दोनों राजनीतिक समझ के साथ काम कर रहे हैं। मैंने कभी किसी फॉमूर्ले के बारे में बात नहीं की, ऐसा कुछ भी नहीं है। मुख्यमंत्री को कुछ जिम्मेदारी सौंपी गई है और मुझे भी कुछ जिम्मेदारी सौंपी गई है। मैं उसी के अनुसार काम कर रहा हूं। उन्होंने कहा कि मैं पहले ही कह चुका हूं कि सीएम ने जो भी कहा है, वह अंतिम है और यह मामला अब बंद हो चुका है या खत्म हो चुका है। मुख्यमंत्री जो भी कहेंगे वह अंतिम होगा, इस पर कोई आपत्ति नहीं है। मामले में कर्नाटक के गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि हाईकमान ही निर्णय लेगा और सभी उसका पालन करेंगे।

सिद्धारमैया और शिवकुमार के बीच मुख्यमंत्री पद को लेकर विधानसभा चुनाव परिणामों के बाद काफी प्रतिस्पर्धा थी। कांग्रेस ने शिवकुमार समझा-बुझाकर उपमुख्यमंत्री बनाया। इस दौरान खबरें आई थीं कि दोनों के बीच रोटेशन मुख्ममंत्री फॉमूर्ला पर समझौता हुआ है, जिसमें दो साल शिवकुमार भी मुख्यमंत्री रहेंगे। हालांकि पार्टी ने इसकी आधिकारिक रूप से पुष्टि नहीं की थी। शिवकुमार ने मुख्यमंत्री बनने की अपनी इच्छा को कभी छिपाया नहीं है।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। रविवार 08 दिसंबर-2024 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित


करंट क्राइम ट्वीट का करंट

Kanu Kapoor
3h ·
खूबसूरत होना ज़रूरी नहीं किसी के लिए ,
ज़रूरी होना बहुत खूबसूरत हैं...
#everyone



# खोड़ा नगर पालिका क्षेत्र पूरी तरह से होगा सीसीटीवी की निगरानी में

## 60 चौराहे और हर एंट्री-एक्जिट पर लगेंगे कैमरे, सर्वे हुआ पूरा









**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम के बाद अब नगर पालिका ने भी क्षेत्र को पूरी तरह से सुरक्षित बनाने और निगरानी के लिए कवायद शुरू कर दी है। नगर पालिका में इसकी शुरूआत खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद से हुई है। यहां पूरी तरह से सीसीटीवी कैमरो से चौकसी और निगाह रखी जायेगी। दैनिक करंट क्राइम के साहिबाबाद ब्यूरो चीफ उदयवीर सिंह ने खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद के अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार से मुलाकात की और कई मुद्दों पर बात की।

अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने करंट क्राइम से बातचीत में कहा कि सीसीटीवी कैमरों की निगरानी का प्रस्ताव बोर्ड बैठक में रखा गया था और फिर इस प्रस्ताव के पास होने के बाद एक निजी कंपनी को यह काम सौंपा गया। कंपनी ने अपना सर्वे पूरा कर लिया है। उन्होंने बताया कि खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद के पूरे क्षेत्र को सीसीटीवी कैमरो से लैस किया जायेगा। खोडा के हर प्रवेश द्वार और निकास मार्ग पर यह कैमरे लगेंगे। इसके अलावा 55 से 60 चौराहे ऐसे हैं जहां सीसीटीवी कैमरे लगाये जायेंगे। सीसीटीवी कैमरों के बाद खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद का पूरा क्षेत्र फिर कैमरों की निगरानी में आ जायेगा। इसके बाद जहां पुलिस के लिए एक बड़ी सुविधा होगी वहीं अपराधिक तत्वों के लिए भी यहां अपराध करने के बाद बच निकलना मुश्किल होगा। उनकी पहचान हो जायेगी। जिस कंपनी को यह काम दिया गया गया था उस कंपनी ने सर्वे पूरा कर लिया है और अब जल्द यहां सीसीटीवी कैमरे लगाने का काम पूरा हो जायेगा।

### अधिकारी चाहते हैं फुटेज के साथ पता चले वाहन की लोकेशन



करंट क्राइम। सीसीटीवी कैमरे लगने के बाद खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद का पूरा क्षेत्र एक तरह से कैमरों की निगरानी में रहेगा। सीसीटीवी लगाने वाली कंपनी ने सर्वे कर लिया है और अब वो जगह भी चिन्हित हो चुकी हैं जहां कैमरे लगाये जाने हैं। सबसे खास बात ये है कि इन कैमरों का कंट्रोल रूम खोड़ा मकनपुर नगर पालिका परिषद कार्यालय में रहेगा। यहीं से ये कैमरे ऑपरेट होंगे। अधिशासी अधिकारी अभिषेक कुमार ने बताया कि सीसीटीवी कैमरे लगाये जा रहे हैं यह ठीक है लेकिन इसके साथ में हमारी प्राथमिकता इस बात को लेकर है कि कैमरों की निगाह में आने वाले वाहनों का एक रिकार्ड रहे और इसमें सुधार की जरूरत है। कंपनी से इस सम्बन्ध में बात की जा रही है।

# ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरण में, नगर आयुक्त ने की समीक्षा





## नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक बॉण्ड कमेटी के सदस्यों सहित 40 एमएलडी, टीएसटीपी का करेंगे संयुक्त स्थलीय निरीक्षण, ग्रैप के बाद बढ़ेगी प्रोजेक्ट की रफ्तार

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** विक्रमादित्य सिंह मलिक नगर आयुक्त की अध्यक्षता में ग्रीन म्युनिसिपल बॉन्ड प्रोजेक्ट की प्रगति को लेकर बैठक हुई, ग्रीन म्युनिसिपल बॉण्ड के अंतर्गत 40 एम एल डी के टी एस टी पी प्रोजेक्ट की प्रगति रिपोर्ट वाबेग के अग्नि मोहंती प्रोजेक्ट मैनेजर द्वारा प्रस्तुत की गई, प्रोजेक्ट का कार्य अंतिम चरण में है जिसको नगर आयुक्त द्वारा ग्रैप के उपरांत पूर्ण करने के निर्देश दिए।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार, मुख्य अभियंता निर्माण एन के चौधरी, बौंड सलाहकार अनुराग, कामाख्या प्रसाद आनंद जलकल विभाग व जेपी सिंह लेखा विभाग से उपस्थित रहे।

### साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को सीमित मात्रा में जलापूर्ति का ट्रायल प्रारंभ करें : विक्रमादित्य सिंह मलिक

नगर आयुक्त द्वारा बताया गया ट्रायल के रूप में साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को सीमित जलापूर्ति का कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया गया है। आने आने वाले समय में समस्त औपचारिकताएं पूर्ण करते हुए औद्योगिक इकाइयों को जलापूर्ति की सुविधा मिलेगी, टीएसटीपी की तकनीकी प्रगति को देखने के लिए ग्रीन म्युनिसिपल बौंड के समस्त कमेटी के सदस्य स्थलीय निरीक्षण कर रिव्यू करेंगे। जनहित में ग्रीन म्युनिसिपल बौंड पोषित प्रोजेक्ट लाभदायक सिद्ध होगा गाजियाबाद नगर निगम निरंतर कार्यवाही कर रहा है। नगर आयुक्त द्वारा प्रोजेक्ट के चल रहे कार्यों की रिपोर्ट शासन को भेजने हेतु अपर नगर आयुक्त अवनींद्र कुमार को निर्देश दिए गए। वबैग कंपनी को पायलट प्रोजेक्ट के रूप में कार्यवाही प्रारंभ करते हुए साहिबाबाद औद्योगिक इकाइयों को सीमित जलापूर्ति शुरू करने के निर्देश दिए गए बैठक में प्रदीप साहनी चार्टर्ड अकाउंटेंट भी उपस्थित रहे।

# टैक्स को लेकर पार्षदों की बैठक के बाद अब हुआ अधिकारियों का तबादला

## सहायक नगर आयुक्त से लेकर कर निर्धारण अधिकारी के बदले गये जोन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** कर वसूली को लेकर निगम में अब तेजी आने वाली है। यहां सबसे बड़ी बात ये है कि भाजपा से लेकर कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने भी टैक्स वसूली में तेजी की वकालत की। नगर आयुक्त से मुलाकात में उन्होंने टैक्स दर की वसूली में तेजी की बात कही। अपने सुझाव दिये और कहा कि निगम के कल्याण के लिए वसूली में रफ्तार आनी जरूरी है। इससे पहले कर वृद्धि को लेकर, टैक्स के स्लैब को लेकर भाजपा में ही मोर्चा खुला था। भाजपा के ही जनप्रतिनिधियों ने बढ़ी हुई दर पर टैक्स ना देने की अपील की थी। इसी बीच सूत्र बताते हैं कि बढ़ी हुई दरें लागू भी हो गईं और किसी को पता नहीं चला। बहरहाल अब जब नगर आयुक्त ने इस मुद्दे पर पार्षद सहमति ली तो वो इस मिशन में सफल हुए। नगर आयुक्त के मिशन को भाजपा पार्षदों सहित, कांग्रेस और निर्दलीय पार्षदों ने भी समर्थन दे दिया। समर्थन के बाद इस मामले में तेजी आने की उम्मीद बन गई है। क्योंकि अब नगर आयुक्त ने यहां कर वसूली को लेकर नई टीम का गठन किया है और कर वसूली से जुड़े अधिकारियों के जोन में तबादले किये हैं। सहायक नगर आयुक्त अंगद का तबादला सिटी जोन से विजय नगर जोन में किया गया है। इसके अलावा कर अधीक्षक महेन्द्र अहिरवार का तबादला विजय नगर जोन से सिटी जोन में किया गया है और सिटी जोन के कर निर्धारण अधिकारी अनिल कुमार अरूण का तबादला वसुंधरा जोन में किया गया है। इन तबादलों को सीधा सीधा नगर आयुक्त के कर वसूली अभियान से जोड़ कर देखा जा रहा है।

### नदिया पार के जोन में भी चल सकती है तबादला एक्सप्रेस




करंट क्राइम। कर वसूली को लेकर नगर आयुक्त काम कर रहे हैं। वो पहले भी करदाताओं से अपील कर चुके हैं। आम सहमति को लेकर उन्होंने पार्षदों की बैठक बुलाई। इसके बाद उन्होंने सिटी जोन और विजय नगर जोन में तबादले किये। सूत्र बताते हैं कि अब इसके बाद जब कर वसूली की रफ्तार बढ़ेगी तो तबादला एक्सप्रेस नदिया पार में भी चल सकती है। वहां से भी टैक्स से जुड़े अधिकारियों को इस जोन से उस जोन में भेजा जा सकता है। नगर आयुक्त ने अपने आदेशों में तत्काल प्रभाव से लागू करने की बात कही है।

# गैंगस्टर लोकेश राजपूत पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, चार करोड़ 25 लाख की संपत्ति कुर्क



## आरोपी गैंगस्टर लोकेश पर दर्ज हैं पुलिस कमिश्नरेट में 16 गंभीर अपराध के मुकदमे

**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम बनने के बाद से गाजियाबाद पुलिस गैंगस्टर के आरोपियों और लोगों को आर्थिक क्षति पहुंचाने वाले गिरोह पर कड़ी कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में सिटी जोन के अंतर्गत डीसीपी सिटी राजेश कुमार के नेतृत्व वाली मधुबन बापूधाम पुलिस टीम ने गैंगस्टर लोकेश कुमार उर्फ लोकेश राजपूत के विरुद्ध गैंगस्टर एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए चार करोड़ 25 लाख की संपत्ति कुर्क करने का काम किया है। बताया जा रहा है कि पुलिस ने यह है संपत्ति रहीसपुर में कुर्क की है। जहां लगभग एक करोड रुपए की कीमत का फ्री होल्ड प्लॉट जप्त किया गया है। तो रिटेल शॉप जो राजनगर एक्सटेंशन में है, इसकी कीमत लगभग 75 लाख रुपए है। तो वही एक और दुकान राजनगर एक्सटेंशन में है।

वह दो करोड़ 50 लाख की बताई जा रही है। कुल मिलाकर पुलिस ने गैंगस्टर लोकेश पर कार्रवाई शुरू कर दी है। शनिवार को एसीपी कवि नगर अभिषेक श्रीवास्तव और मधुबन बापूधाम थानाध्यक्ष शैलेंद्र तोमर पुलिस बल के साथ इन संपत्ति कुर्क स्थल पहुंचे और यहां मुनादी करते हुए कुर्की की कार्रवाई की गई है।

### गैंगस्टर लोकेश पर दर्ज हैं 16 मुकदमे, धोखाधड़ी से कमाई है करोड़ों की संपत्ति



करंट क्राइम : डीसीपी सिटी जोन राजेश कुमार ने जानकारी दी है कि लोकेश कुमार उर्फ लोकेश राजपूत पर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के अंतर्गत अलग-अलग पांच थानों में कुल 16 मुकदमें दर्ज हैं। लोकेश द्वारा लोगों के पैसों को डबल करने और उनको भारी मुनाफा कमाने के नाम पर करोड़ों रुपए लिए गए और उनको लौटाया नहीं गया। साथ ही जो वादे किए गए थे, वह पूरे नहीं किए गए थे। कवि नगर पुलिस ने इस मामले की जांच की तो आरोप सही पाए गए और फिर पुलिस ने गैंगस्टर की कार्रवाई करते हुए यह कुर्की का अभियान शुरू कर दिया है। गैंगस्टर लोकेश राजपूत पर कवि नगर थाने में कुल सात मुकदमे, सिहानी गेट में पांच, लिंक रोड पर दो, साहिबाबाद और नंदग्राम में एक-एक मुकदमा पंजीकृत है। अधिकांश मामलों में लोगों को रकम दोगुना और उनको मोटा मुनाफा दिलाने का वायदा किया गया था।

### कमिश्नरेट बनने के बाद अब तक करोड़ों की संपत्ति हो चुकी है कुर्क



करंट क्राइम : पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद को स्थापित हुए दो साल से अधिक का समय हो चुका है। बीते दो सालों के दौरान पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में देहात से लेकर सिटी और नदिया पार की पुलिस ने अलग-अलग लोगों पर गैंगस्टर के तहत कार्रवाई करते हुए उनकी करोड़ों रुपए की अवैध संपत्ति को कुर्क करने का काम किया है। अभियुक्त लोकेश के विरुद्ध थानों में धोखाधड़ी, जालसाजी ,अमानत में खयानत, आपराधिक षड्यंत्र, गालीगलौज, जान से मारने की धमकी के मामले थे। वर्तमान में लोकेश डासना जेल में बंद है। पुलिस ने बताया है कि वह अपने महंगे शौक पूरे करने के लिए एक गैंग बनाकर फर्जी फॉर्म खोलकर 2017 से 24 तक जालसाजी ,धोखाधड़ी, आपराधिक षड्यंत्र के तहत इस तरीके के क्रियाकलाप करता रहा है। लोकेश और उसकी पत्नी लवी राजपूत का कोई भी आय का स्रोत नहीं है। इसके बावजूद उसके पास करोड़ों की धन अर्जित संपत्ति थी।

# आज हिंदू आक्रोश सभा में जुटेगा समस्त हिंदू समाज, कवि नगर रामलीला मैदान में गूंजेगी आवाज

## शहर से लेकर गांव तक आमंत्रित किए गए हैं लोग



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में हिंदू आक्रोश सभा आज रविवार को रामलीला मैदान कवि नगर में सुबह 11 बजे से आयोजित की जाएगी। सुबह 11 बजे से लेकर 1 बजे तक आयोजित इस कार्यक्रम में समस्त हिंदू समाज जिला गाजियाबाद को आमंत्रित किया गया है। जिसमें बड़ी संख्या में शहर से लेकर ग्रामीण इलाकों के लोग पहुंचेंगे, ऐसा दावा किया जा रहा है। वहीं समस्त हिंदू समाज के लोगों से मिली जानकारी के अनुसार इस कार्यक्रम में हजारों की संख्या में हिंदुओं को जोड़ने का प्लान बनाया गया है। इसमें हिंदू समाज के अलग-अलग संगठन और साधु-संतों से लेकर मठ और मंदिरों के प्रमुख से लेकर रेजिडेंट वेलफेयर एसोसिएशन और अलग-अलग हिंदू समितियों को इस कार्यक्रम में आमंत्रित किया गया है। बताया जा रहा है कि कार्यक्रम करीब दो घंटे से अधिक चलेगा। जिसमें मंच से लेकर जनभागीदारी प्रदर्शित की जाएगी। वहीं हिंदू आक्रोश सभा के माध्यम से हिंदू समाज को एकजुट करने का भी कार्यक्रम रखा गया है।



### रामलीला मैदान कवि नगर में लगाए गए भगवा झंडे व कुर्सियां

करंट क्राइम : कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित हिंदू आक्रोश सभा को सफल बनाने के लिए यहां शनिवार से ही तैयारी शुरू कर दी गई थी। बड़ी संख्या में लोगों के बैठने के लिए कुर्सी लगाई गई हैं। तो अलग-अलग मंच और जमीन पर बैठने की व्यवस्था भी की गई है। इसके साथ ही यहां बड़े स्थान को पार्किंग स्थल के रूप में बनाया गया है। बताया जा रहा है करीब ढाई सौ ट्रैक्टर ट्राली में गाजियाबाद के अलग-अलग गांवों से हिंदू संगठन और हिंदू समाज के लोग इस कार्यक्रम में शामिल होंगे। इसके साथ ही यहां बड़ा पंडाल भी बनाया गया है। जिसमें कुर्सियां लगाने के साथ ही कारपेट बिछा दी गई है। साथ ही अन्य व्यवस्था भी की गई हैं।



### हिंदू विचारक और महंत भी होंगे शामिल

करंट क्राइम : समस्त हिंदू समाज गाजियाबाद जिला द्वारा आयोजित हिंदू आक्रोश सभा जिसमें बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार के विरोध में आयोजित किया जा रहा है। इसमें जानकारी मिली है कि आध्यात्मिक गुरु पवन सिन्हा के साथ ही दूधेश्वरनाथ मठ मंदिर के महंत नारायण गिरी, इस्कॉन संस्था के साथ ही जैन धर्म मंदिरों के प्रमुख, आर्य समाज, आरडब्ल्यूए फेडरेशन से लेकर कई अन्य हिंदूवादी संगठनों के प्रमुख और कार्यकर्ताओं के द्वारा मंच से लोगों को हिंदू समाज एकजुट करने का संदेश देंगे। इसके साथ ही अलग-अलग स्थानों पर हिंदुओं के साथ होने वाले नरसंहार का विरोध किया जाएगा। साथ ही सरकार और सत्ताधारी पार्टी से मांग की जाएगी कि हिंदुओं की रक्षा के लिए कानून से लेकर अन्य पहल की जाएं।

### सुरक्षा से लेकर ट्रैफिक का किया गया है बंदोबस्त

करंट क्राइम : हिंदू आक्रोश सभा का आयोजन कवि नगर रामलीला मैदान में हो रहा है। रविवार का दिन है, इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल होंगे। भीड़ का बड़ा रूप भी देखने को मिल सकता है, ऐसे में यहां सुरक्षा के लिहाज से बड़ी संख्या में पुलिसकर्मियों की ड्यूटी लगाई गई है। तो वहीं यातायात व्यवस्था बाधित न हो इसके लिए यातायात पुलिस की टीमों को भी तैनात किया गया है। साथ ही खुफिया विभाग की टीमें भी इस पूरे कार्यक्रम पर निगरानी रखने का काम करेंगी। वहीं कार्यक्रम के दौरान किसी तरीके की आपत्तिजनक टिप्पणी या संदेश न जाए, इसको लेकर वीडियो रिकॉर्डिंग और सोशल मीडिया के जरिए भी मॉनेटरी रखने का काम किया जाएगा।

## संपादकीय

# मोहम्मद यूनुस और उनकी राजनीति

जब बांग्लादेश में शेख हसीना का तख्तापलट हुआ तो इसे भारत के लिए झटका बताया गया था। लेकिन अब उसके चार महीने बाद भारत और बांग्लादेश के संबंध टूटने की कगार पर हैं। राजनयिक मिशनों को निशाना बनाया जा रहा है, राजनयिकों को तलब किया जा रहा है, राष्ट्रीय ध्वज का अपमान किया जा रहा है, हिंदू उपासकों पर कार्रवाई की जा रही है और भारत से व्यापार में रोकटोक या उसके बहिष्कार की बात की रही है।

यह सब कैसे हुआ? इसका उत्तर है- मोहम्मद यूनुस और उनकी राजनीति। वे चुने गए नेता नहीं हैं और कार्यवाहक के रूप में कमान संभाले हुए हैं। उनका काम व्यवस्था बहाल करना और चुनाव कराना था। लेकिन वे सुधारों की बात कर रहे हैं, जिसके लिए उनके पास कोई लोकप्रिय जनादेश नहीं है। वे वर्तमान अराजकता को ठीक करने के बजाय अतीत की कथित गलतियों से ग्रस्त हैं।

यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश के संस्थापकों की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं और इस प्रक्रिया में वे हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं। हाल ही में एक साक्षात्कार में उन्होंने कहा कि उनकी अंतरिम सरकार को चुनाव कराने में चार साल तक का समय लग सकता है। इस बीच, सड़कों पर इस्लामिक कट्टरपंथियों का बोलबाला है। शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग तस्वीर से बाहर है। दो अन्य पार्टियां ढाका की सत्ता पर नजर गड़ाए हैं- खालिदा जिया की बीएनपी और जमात-ए-इस्लामी। कभी वे सहयोगी हुआ करते थे, लेकिन अब सत्ता के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं। चीन जमातियों और बीएनपी की मेजबानी कर रहा है। जमात का इतिहास दागदार है और उसकी राजनीति चरमपंथी है, लेकिन चीन को परवाह नहीं। बीएनपी उसकी पुरानी दोस्त है। जब बीएनपी ने बांग्लादेश पर शासन किया, चीन को फायदा हुआ। उन्हें सैन्य सौदे और निवेश के अवसर मिले, और ढाका ने भारत को दूर रखा। भारत ने भी बीएनपी से संपर्क किया है, लेकिन जमात से बात करना मुश्किल होगा। यह एक कट्टरपंथी और भारत विरोधी संगठन है। नई दिल्ली के पास सीमित विकल्प हैं और वे बहुत आशाजनक नहीं हैं। दूसरी तरफ, यूनुस का रवैया स्थिति को बद से बदतर कर रहा है। समस्या को स्वीकार करने के बजाय वे भारतीय मीडिया को दोषी ठहरा रहे हैं। बांग्लादेश के सर्वोच्च न्यायालय में दायर एक याचिका में भारतीय समाचार चैनलों पर प्रतिबंध लगाने की मांग की गई है और कहा गया है कि उनका कवरेज भड़काऊ है। बुधवार को यूनुस ने सर्वदलीय बैठक बुलाई। इसमें शेख हसीना की अवामी लीग को छोड़कर सभी दल थे। उन्होंने ह्यबांग्लादेश पर सांस्कृतिक आधिपत्य स्थापित करने के भारत के प्रयासों और उसके आर्थिक उत्पीड़न की निंदा की ह्व साथ ही, ह्यबांग्लादेश के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने के भारत के प्रयासोंह्व की भी निंदा की। ये बहुत कठोर और बेबुनियाद आरोप हैं। वे किस हस्तक्षेप की बात कर रहे हैं? भारत ने अंतरिम सरकार के गठन की कभी आलोचना नहीं की, भले ही वह असंवैधानिक था। न ही भारत ने शेख हसीना और उनके सहयोगियों पर कानूनी हमलों पर सवाल उठाया। भारत ने केवल तभी टिप्पणी की, जब हिंदू अल्पसंख्यकों पर हमला हुआ। समस्या यह है कि अंतरिम सरकार अपनी स्थिति को लेकर असुरक्षित है। इसलिए उसे भारतीय हस्तक्षेप का डर सता रहा है। यूनुस के मंत्रियों का कहना है कि भारत को अगस्त में हुए बदलाव को स्वीकार करना चाहिए। यह अजीब है क्योंकि प्रधानमंत्री मोदी ने व्यक्तिगत रूप से यूनुस को बधाई दी थी। भारत बांग्लादेश की आंतरिक राजनीति का सम्मान करता रहा है। लेकिन बांग्लादेश की तरफ से ऐसा सम्मान हमारे लिए नहीं दिखा, इसलिए भारतीय जनमत बदल गया। जब हिंदुओं पर भीड़ द्वारा हमला किया गया, मंदिरों में तोड़फोड़ की गई और भारतीय ध्वज का अपमान किया गया, तभी भारत मुखर हुआ। चार महीने चुप रहने के बाद अब हसीना भी बोल रही हैं।

**यूनुस और उनके समर्थक बांग्लादेश के संस्थापकों की विरासत को खत्म करने में व्यस्त हैं और इस प्रक्रिया में वे हिंदू अल्पसंख्यकों को निशाना बना रहे हैं।**

# मोहासा में होगा 18 हजार करोड़ का निवेश, 20 औद्योगिक इकाइयों को भूमि आवंटन पत्र वितरित




**नर्मदापुरम, 7 दिसंबर।** मध्य प्रदेश में औद्योगिक विकास की रफ्तार को गति देने के लिए जारी कोशिशों के क्रम में शनिवार को नर्मदापुरम में छठी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव का आयोजन हुआ। इस आयोजन से मोहासा की तस्वीर बदलेगी, जहां 18 हजार करोड़ का निवेश होगा वहीं 24 हजार युवाओं को रोजगार मिलेगा। इस मौके पर 20 इकाइयों को भूमि का आवंटन पत्र दिए गए। इस मौके पर मुख्यमंत्री मोहन यादव ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा समूचे नर्मदापुरम के विकास का केंद्र बनेगा। सतपुड़ा का यह क्षेत्र आज नया इतिहास लिखने जा रहा है। औद्योगिक विकास के लिए मध्यप्रदेश सरकार द्वारा किए गए प्रयासों में नर्मदापुरम को अपार सफलता प्राप्त हुई है। मोहासा बाबई सौर ऊर्जा पार्क की भूमि को 227 से 884 एकड़ बढ़ाया गया और 20 औद्योगिक इकाइयों की स्थापना के लिए भूमि आवंटन पत्र का भी वितरण किया गया। मुख्यमंत्री यादव ने शनिवार को औद्योगिक क्षेत्र मोहासा में आयोजित विद्युत एवं नवीकरणीय ऊर्जा उपकरण विनिर्माण क्षेत्र में इकाइयों के भूमिपूजन समारोह में नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र की 20 औद्योगिक इकाइयों के प्रतिनिधियों को भूमि आवंटन पत्र प्रदान किए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि औद्योगिक क्षेत्र मोहासा नवीकरणीय ऊर्जा के क्षेत्र में स्थापित होने जा रही प्रत्येक औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगभग दो हजार करोड़ से अधिक का निवेश किया जा रहा है। इससे सोहागपुर, इटारसी, सिवनीमालवा, पिपरिया, पचमढ़ी के स्थानीय युवाओं को रोजगार प्राप्त होगा और पलायन रुकेगा। दो से तीन सालों में संपूर्ण नर्मदापुरम का आर्थिक परिदृश्य बदलेगा। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि प्रदेश को औद्योगिक हब बनाने और रोजगार के अवसर सृजित करने के लिए उज्जैन, जबलपुर, रीवा, ग्वालियर, सागर के पश्चात अब छठी रीजनल इंडस्ट्री कॉन्क्लेव नर्मदापुरम में संपन्न हो रही हैं। लेकिन औद्योगिक विकास के इन प्रयासों में नर्मदापुरम को कम समय में सबसे अधिक सफलता मिली है। औद्योगिक पार्क मोहासा की विशेषता तथा केंद्र सरकार द्वारा दिए जा रहे वित्तीय अनुदान का फायदा हमने सीधे निवेशकों को देने का निर्णय लिया है और अत्यंत कम दर पर जमीन उपलब्ध करवाई गई है। मुख्यमंत्री ने ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को 60 एकड, लैंडस मील ग्रीन इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड को 70 एकड, लैंडस मील ग्रीन इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड को 18 एकड, लैंडस मील रिन्यूएबल्स प्राइवेट लिमिटेड को 30 एकड़, इंसोलेशन ग्रीन एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड को 45 एकड़, प्रीमियम एनर्जी ग्लोबल एंड प्राइवेट लिमिटेड को 50 एकड, सात्विक सोलर इंडस्ट्री प्राइवेट लिमिटेड को 50 एकड, सनकाइन फोटो वॉल्टैडक्स प्राइवेट लिमिटेड को 30 एकड़ जमीन आवंटन का पत्र सौंपा। इसी तरह रेज ग्रीन एनर्जी मैन्युफैक्चरिंग प्राइवेट लिमिटेड को 38 एकड़, एलपैक्सन सोलर लिमिटेड को 30 एकड़, वीएसएनएल ग्रीन पावर प्राइवेट लिमिटेड, पैरामाउंट कम्युनिकेशन लिमिटेड, टैक्सर एनर्जी प्राइवेट लिमिटेड, ब्लू नेवा प्राइवेट लिमिटेड, जैट वेव साल्यूउसंश प्राइवेट लिमिटेड, फ्रा डिगम अल्फार कैपेसिटर्स प्राइवेट लिमिटेड एवं ग्लेडन हेल्थ केयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को भूमि आवंटन पत्र का वितरण किया गया।

# भारतीय अर्थव्यवस्था में मजबूती के कारण एफआईआई की लगातार बिकवाली का दौर थमा

**नई दिल्ली, 7 दिसंबर।** विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने अपनी रणनीति में स्पष्ट बदलाव करते हुए खरीदार का रुख अपनाया है। बाजार पर नजर रखने वालों ने शनिवार को कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था में भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद मजबूती बनी हुई है, जिससे एफआईआई की लगातार बिकवाली का दौर खत्म हो गया है।



नेशनल सिक्योरिटीज डिपॉजिटरी लिमिटेड (एनएसडीएल) के आंकड़ों के अनुसार, इस महीने (6 दिसंबर तक) एफआईआई ने 24,453 करोड़ रुपये का निवेश किया। इसमें विभिन्न एक्सचेंज से इक्विटी में 17,921 करोड़ रुपये और प्राथमिक बाजार के जरिए शेष निवेश शामिल है। बाजार के जानकारों ने कहा कि दिसंबर की शुरूआत में एफआईआई के खरीदार बनने से बाजार की धारणा बदल गई है। पिछले दो महीनों के दौरान एफआईआई ने लगातार बिकवाली की रणनीति को पूरी तरह से पलट दिया है। अक्टूबर में विभिन्न एक्सचेंज के जरिए एफआईआई ने 1,13,858 करोड़ रुपये की कुल बिकवाली की थी। नवंबर में यह राशि घटकर 39,315 करोड़ रुपये रह गई।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज लिमिटेड के सिद्धार्थ खेमका के अनुसार, एफआईआई ने दिसंबर की शुरूआत सकारात्मक तरीके से की है, जिससे बाजार की धारणा को काफी बढ़ावा मिला है।

# भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 658.09 बिलियन डॉलर पहुंचा

## 1.51 बिलियन डॉलर की हुई वृद्धि : आरबीआई




**मुंबई, 7 नवंबर।** आरबीआई द्वारा साझा किए गए ताजा आंकड़े बताते हैं कि देश के विदेशी मुद्रा भंडार में वृद्धि दर्ज हुई है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के अनुसार, 29 नवंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 1.51 बिलियन डॉलर बढ़कर 658.09 बिलियन डॉलर हो गया। इससे पिछले हफ्ते 22 नवंबर तक भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 656.58 बिलियन डॉलर था।

आरबीआई द्वारा जारी साप्ताहिक सांख्यिकी डेटा से जानकारी मिलती है कि यह वृद्धि मुख्य रूप से फॉरेन करेंसी एसेट्स (एफसीए) में बढ़ोतरी के कारण दर्ज हुई, जो 2.06 बिलियन डॉलर बढ़कर 568.85 बिलियन डॉलर हो गया है। इस बीच, देश के गोल्ड रिजर्व में 595 मिलियन डॉलर की गिरावट आई, इससे कुल भंडार 66.97 बिलियन डॉलर पर आ गया। स्पेशल ड्राइंग राइट्स (एसडीआर) में 22 मिलियन डॉलर की वृद्धि हुई, जो अब कुल 18.00 बिलियन डॉलर है और अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) में आरक्षित स्थिति भी 22 मिलियन डॉलर बढ़कर 4.25 बिलियन डॉलर पर पहुंच गई है।

विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत दुनिया के चौथे देश के रूप में जाना जाता है, जो सबसे ज्यादा विदेशी मुद्रा भंडार रखता है। इस लिस्ट में पहले पायदान पर चीन 3,571 बिलियन डॉलर के साथ अपनी जगह बनाता है। इसके बाद 1,238 बिलियन डॉलर के साथ दूसरे नंबर पर जापान और 952 बिलियन डॉलर के साथ तीसरे नंबर पर स्विट्जरलैंड का नाम आता है।

## राशिफल

**मेष:** मानसिक भय आपको बेचैन कर सकता है। सकारात्मक सोच और स्थिति के उज्ज्वल पक्ष को देखकर आप इससे बच सकते हैं।

**वृष:** दिन शानदार रहने वाला है। इस दिन जो काम शुरू करेंगे उसमें सफलता जरूर मिलेगी। पुराने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का भी मौका मिलेगा।

**मिथुन:** हनुमान जी की कृपा से बिगड़े हुए काम सफलतापूर्वक पूरे होंगे। प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। आज दिन फायदेमंद रहेगा। कोई शुभ समाचार मिल सकता है।

**कर्क:** आज अपनी बुद्धि और प्रभाव का इस्तेमाल संवेदनशील घरेलू मुद्दों को सुलझाने में करना चाहिए। किसी से अचानक हुई रोमांटिक मुलाकात आपका दिन बना देगी।

**सिंह:** आज दिन थोड़ा बेहतर रहेगा। कार्यक्षेत्र में नई संभावनाएं तलाशने में सफल रहेंगे। सेहत को लेकर सतर्क रहे, नियमित रूप से व्यायाम करते रहें।

**कन्या:** रिश्ता धीरे-धीरे मजबूती की ओर बढ़ेगा। जिससे आप रिश्ते में मधुरता पैदा कर पाएंगे और विश्वास बढ़ा पाएंगे।

**तुला:** जल्दबाजी में निवेश न करें, संभव है कि घर में आपके लापरवाह रवैये के कारण आपको आलोचना का सामना करना पड़े।

**वृश्चिक:** आज दिन उतार-चढ़ाव से भरा रहेगा। किसी से ऊँचे स्वर में बात न करें। धैर्य और संयम से काम लें। आज का दिन अपने आप में एक बदलाव लाने वाला है।

**धनु:** आज आपके जीवन में कई नए बदलाव होंगे। इस दौरान आपको अपने जीवन साथी से अटूट प्यार मिलेगा।

**मकर:** अतिरिक्त आय के लिए विचारों का सहारा लें। परिवार का कोई सदस्य आपको बहुत ज्यादा तनाव देता है तो स्थिति के बेकाबू होने से पहले ही सीमा तय कर लें।

**कुंभ:** आज आपका दिन सामान्य से थोड़ा बेहतर रहेगा। आज आपके जीवन में मधुर प्रेम संबंधों की शुरूआत होगी। आपके पास कोई प्रेम प्रस्ताव भी हो सकता है।

**मीन:** नए कारोबार में आज सावधानी और सावधानी से काम लें। पारिवारिक विवाद संभव है। सोचने के लिए समय अवश्य निकालें।

## चुटकुले

नर्स बाहर आई और बोली- मां और
बच्चा दोनों ठीक हैं,
और नर्स ने बच्चा बच्चे के पिता को दिया,
बच्चे के बाप ने अपनी बहन को दिया,
बहन ने अपने पति को दिया,
उसने नानी को दिया,
नानी ने नाना को दिया,
नाना ने बच्चे के चाचा को दिया,
चाचा ने चाची को दिया,
चाची ने बच्चे के दादी को दिया,
और दादी ने दादा को दिया,
बच्चे ने घबराकर पूछा - दादाजी
ये आप लोग क्या कर रहे हो ??
दादाजी - बेटा ये सब Whatsapp
रोग से ग्रसित हैं, तू अभी
Market में नया है ना

# मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर किए पैदा: केंद्र




**नई दिल्ली, 7 दिसंबर।** हाल ही में संसद को दी गई जानकारी के अनुसार, भारत में मान्यता प्राप्त स्टार्टअप ने 55 से अधिक विभिन्न उद्योगों में 16.6 लाख से अधिक प्रत्यक्ष रोजगार सृजित किए हैं।

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने राज्यसभा को एक लिखित उत्तर में बताया कि आईटी क्षेत्र में रोजगार की कुल संख्या 2,04,119 रही, जो कि सबसे अधिक थी। इसके बाद हेल्थ केयर एंड लाइफ साइंस में रोजगार की संख्या 1,47,639 रही। व्यावसायिक एवं वाणिज्यिक सेवाओं में कुल 94,060 रोजगार के अवसर पैदा हुए। उद्योग एवं आंतरिक व्यापार संवर्धन विभाग (डीपीआईआईटी) के आंकड़ों के अनुसार, स्टार्टअप ने शिक्षा क्षेत्र में 90,414 रोजगार के अवसर पैदा किए। ह्यूमन रिसोर्स और निर्माण में रोजगार की संख्या क्रमशः 87,983 और 88,702 रही।

इसी तरह, खाद्य एवं पेय पदार्थ क्षेत्र में 88,468, कृषि क्षेत्र में 83,307 और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस क्षेत्र में 23,918 रोजगार सृजित हुए। भारत में वर्तमान में 1,46,000 से अधिक डीपीआईआईटी -मान्यता प्राप्त स्टार्टअप और 100 से अधिक यूनिकॉर्न हैं।

केंद्रीय मंत्री ने कहा कि स्टार्टअप इंडिया पहल के तहत, सरकार स्टार्टअप इकोसिस्टम के विकास और वृद्धि तथा देश में रोजगार सृजन को बढ़ाने के लिए लगातार विभिन्न प्रयास करती है।

प्रमुख योजनाएं स्टार्टअप के लिए फंड ऑफ फंड्स (एफएफएस), स्टार्टअप इंडिया सीड फंड स्कीम (एसआईएसएफएस) और स्टार्टअप के लिए क्रेडिट गारंटी स्कीम (सीजीएसएस) हैं, जो अपने बिजनेस साइकल के अलग-अलग चरणों में स्टार्टअप का समर्थन करती हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- दुनिया में सबसे ज्यादा प्रयोग में पासवर्ड 123456 है।
- एक रिपोर्ट के अनुसार, होशियार लोग ज्यादातर अपने आप से बातें करते हैं।
- जुराब यानि मोजे पहन कर सोने वाले लोग रात में बहुत कम बार जागते हैं या बिलकुल नहीं जागते हैं।
- कोई भी अपने आप को सांस रोक कर नहीं मार सकता है।
- जरुरत से ज्यादा टेंशन आपके दिमाग को कुछ समय के लिए बंद कर सकती है।
- चीनी को चोट पर लगाया जाता है, तो दर्द तुरंत कम हो जाता है।
- शीर्ष दूध पीने वाला देश फिनलैंड में लगभग 95 गैलन दूध / व्यक्ति / वर्ष है। शीर्ष 5 देश दूध पीने के मामले में सबसे ऊपर हैं, फिनलैंड (361.1 9 किलो), स्वीडन (355.86 किलो), नीदरलैंड (320.15 किलो), स्विट्जरलैंड (315 किलो) और ग्रीस (314.6 9 किलो) हैं।
- एक प्रकार का प्लास्टिक बनाने के लिए दूध का उपयोग किया जा सकता है जो गंधहीन, बायोडिग्रेडेबल, एंस्टीटिक, पानी में अघुलनशील और लगभग गैर ज्वलनशील है।

# करंट क्राइम
## जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं
08 12 2024 आज के जन्मदिन

सेलेब्रिटी जन्मदिन


धर्मेन्द्र
अभिनेता


सोनिया शर्मा


पिंकी गोयल


यति नरसिंहानन्द गिरी
महामंडलेश्वर


अरूण चढ्ढा


ओमवीर सिंह


सुमित राजपूत


अयान खान


चिराग त्यागी


जीतू कुमार


हंसराज सिंह


प्रमोद सैनी


बृजमोहन सिंह


सौरभ पंवार


विक्रांत सैनी


नितिन शर्मा


सचिन डागर

सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए।जी।एस। पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी
संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)

# अंडर 19 पुरुष एशिया कप : अंतिम गौरव के लिए आमने-सामने होंगे भारत और बांग्लादेश (प्रीव्यू)



**दुबई ।** यह मौजूदा चैंपियन और सबसे ज्यादा एसीसी अंडर19 एशिया कप ट्रॉफी जीतने वाले देश के बीच मुकाबला है, क्योंकि बांग्लादेश रविवार को एसीसी पुरुष अंडर19 एशिया कप 2024 के फाइनल में भारत से दुबई इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में भिड़ेगा।

पाकिस्तान के खिलाफ अपना पहला मैच हारने के बाद भारत ने अपने सभी विरोधियों को बड़े अंतर से हराया है, जिसमें कल श्रीलंका के खिलाफ सेमीफाइनल मैच भी शामिल है, जहां उन्होंने 28 ओवर शेष रहते सात विकेट से आसानी से जीत हासिल की। दूसरी ओर, बांग्लादेश ने भी उतना ही प्रभावशाली प्रदर्शन किया है, उसने ग्रुप चरण में श्रीलंका से सिर्फ.एक मैच हारा है और दिन के दूसरे सेमीफाइनल में पाकिस्तान को सात विकेट से हराया है।

भारत के लिए आयुष म्हात्रे और 13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी की सलामी जोड़ी ने चार मैचों में क्रमशः 175 और 167 रन बनाकर अधिकांश स्कोरिंग की है। बांग्लादेश के लिए, यह उनका गेंदबाजी आक्रमण है जो घातक साबित हुआ है, जिसमें मोहम्मद अल फहाद वर्तमान में 10 विकेट लेकर विकेट लेने वालों की सूची में सबसे आगे हैं, उसके बाद मोहम्मद इकबाल हसन इमोन हैं, जिनके पास समान संख्या में विकेट हैं।

अंत में, यह भारत के रोमांचक बल्लेबाजी क्रम और बांग्लादेश की मजबूत गेंदबाजी लाइन-अप के बीच टकराव होगा।

# ट्रेविस हेड ने लगाया डे-नाइट टेस्ट का सबसे तेज शतक भारत के खिलाफ फिर साबित हुए खतरनाक

**एडिलेड ।** ऑस्ट्रेलिया के बाएं हाथ के आक्रामक बल्लेबाज ट्रेविस हेड ने अपनी बल्लेबाजी से कई बार मैचों का रुख बदला है। बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट की पहली पारी में भी उन्होंने कुछ ऐसा ही किया है। इस पारी में ट्रेविस हेड ने चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों में 141 गेंदों पर 140 रनों की तूफानी पारी खेली।

हेड के काउंटर अटैक के कारण ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट मैच में भारत पर 150 रनों से अधिक की बढ़त हासिल कर ली है जो मैच के नतीजे के लिए निर्णायक भी साबित हो सकती है। ट्रेविस हेड ने अपनी पारी में 17 चौके और 4 छक्के लगाए। इसके चलते ही ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे दिन डिनर ब्रेक तक 8 विकेट के नुकसान पर 332 रनों का स्कोर बना लिया है।


ऑस्ट्रेलिया को फिलहाल भारत के पहली पारी के स्कोर 180 रन पर 152 रनों की बड़ी बढ़त मिल गई है। इसमें हेड की भूमिका बड़ी अहम है। हेड ने यह डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक का सबसे तेज शतक भी लगाया है। उन्होंने 111 गेंदों पर शतक लगाया। इससे पहले हेड ने ही इंग्लैंड के खिलाफ होबार्ट में साल 2022 में 112 गेंदों पर शतक लगाया था।

ट्रेविस हेड डे-नाइट टेस्ट मैचों में अब तक तीन शतक लगा चुके हैं। यह तीनों ही शतक काफी तेज स्ट्राइक रेट के साथ लगाए गए हैं। हेड से ज्यादा डे-नाइट टेस्ट शतक केवल उनके हमवतन मार्नस लाबुशेन ने लगाए हैं। मिडिल ऑर्डर के दाएं हाथ के बल्लेबाज ने गुलाबी गेंद टेस्ट में चार बार शतक लगाए हैं।

वहीं, भारत के खिलाफ हेड के रिकॉर्ड की बात करें तो उनका बल्ला भारतीय गेंदबाजी के खिलाफ खूब चला है। हेड ने भारत के खिलाफ पिछली छह टेस्ट पारियों में 90(163), 163(174), 18(27), 11(13), 89(101) और ताजा स्कोर 140(141) का बनाया है।

करियर की बात करें तो हेड ने अब तक 51 टेस्ट मैचों में 8 शतक और 17 अर्धशतक लगाए हैं। उन्होंने 43.20 की औसत के साथ बल्लेबाजी करते हुए 66.17 का तेज स्ट्राइक रेट निकाला है।

वहीं मैच में अब तक भारतीय गेंदबाजी की बात करें तो दूसरे दिन डिनर तक जसप्रीत बुमराह ने 59 रन देकर 4 और मोहम्मद सिराज ने 95 रन देकर 2 विकेट हासिल किए हैं। बुमराह इस सीरीज में अभी तक शानदार रहे हैं। उनको पहले मैच में 'प्लेयर ऑफ द मैच अवार्ड' भी मिला था। भारत ने सीरीज का पहला टेस्ट पर्थ में 295 रनों के बड़े अंतर से जीता था।



# हेडन ने स्मिथ के लेग साइड आउट होने पर कहा आउट होने का यह सबसे खराब तरीका है

**एडिलेड ।** पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर मैथ्यू हेडन ने स्टार बल्लेबाज स्टीव स्मिथ के संघर्ष पर टिप्पणी की है, जिन्होंने मौजूदा बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी में अपना खराब फॉर्म जारी रखा है। एडिलेड में पिंक बॉल टेस्ट के दूसरे दिन, स्मिथ सीरीज में तीसरी बार सस्ते में आउट हो गए, एक बार फिर भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने उनका विकेट लिया। इस बार, स्मिथ ने लेग साइड में विकेटकीपर को कैच थमा दिया, जिसे हेडन ने आउट होने का सबसे खराब तरीका बताया। स्मिथ दो रन ही बना सके।

बुमराह द्वारा स्मिथ का आउट होना लगातार तीसरी बार है जब भारतीय तेज गेंदबाज ने सीरीज में उनसे बेहतर प्रदर्शन किया है। ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजी के इस उस्ताद ने अब तक चार पारियों में केवल 10 रन बनाए हैं, बुमराह के खिलाफ उनका औसत मात्र 3.33 है। इस साल उनके कुल आंकड़े भी निराशाजनक रहे हैं: 13 पारियों में 23.20 की औसत से 232 रन, जिसमें सिर्फ.एक अर्धशतक शामिल है।

हेडन ने स्टार स्पोर्ट्स पर बात करते हुए स्मिथ की कमजोरी को उजागर करते हुए आउट होने का विश्लेषण किया। मेरा मतलब है, जैसा कि आप जानते हैं, आउट होने का शायद सिर्फ.एक ही तरीका है जो इससे भी बदतर है और वह है गेंदबाज के हाथ से रन आउट होना और लेग साइड में फंस जाना। लेकिन सच्चाई यह है कि स्टीव स्मिथ के स्टंप पर तब तक हमला होता रहेगा जब तक कि वह यह साबित नहीं कर देते कि वह उस लय में वापस आ गए हैं जो हमने उनके पूरे करियर में देखा है। वह हमेशा अपने पैरों से बहुत गतिशील रहते थे।

पूर्व सलामी बल्लेबाज ने स्मिथ के हालिया प्रदर्शनों के मनोवैज्ञानिक पहलू पर गहराई से चर्चा की, उनके दृष्टिकोण में स्पष्ट अनिश्चितता की ओर इशारा करते हुए। वर्षों से, हमें लगता था कि उनकी सबसे बड़ी कमजोरी फ्रंट पैड थी - एलबीडब्ल्यू आउट हो जाना। लेकिन अब, लेग साइड में आउट होना दिखाता है कि उनके खेल में कुछ संदेह पैदा हो रहा है। हेडन ने कहा, जब संदेह होता है, तो यह विपक्ष के लिए अवसर खोलता है।

स्मिथ के आउट होने से ऑस्ट्रेलिया की स्थिति खराब हो गई, लेकिन ट्रैविस हेड के धाराप्रवाह शतक ने पारी को संभालने में मदद की। जसप्रीत बुमराह भारत के लिए सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ी रहे हैं, उन्होंने स्मिथ सहित चार महत्वपूर्ण विकेट लिए और ऑस्ट्रेलिया के शीर्ष क्रम को हिलाकर रख दिया। मोहम्मद सिराज ने ट्रैविस हेड का महत्वपूर्ण विकेट लिया, जिन्होंने अपनी पहली पारी की विफलता के बाद शानदार जवाबी शतक बनाया।



# ऑस्ट्रेलिया ने ली बढ़त, हेड और लाबुशेन के अर्धशतक, चाय ब्रेक तक स्कोर - 191/4

**एडिलेड ।** बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने फिलहाल 11 रनों की बढ़त ले ली है और उसके पास अभी 6 विकेट बाकी हैं। डे-नाइट टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम ने भारत को पहली पारी में 180 रनों पर समेटने के बाद दूसरे दिन चाय ब्रेक तक 4 विकेट के नुकसान पर 191 रन बना लिए हैं।

इससे पहले मिशेल स्टार्क की शानदार गेंदबाजी के चलते भारत की पारी 180 रनों पर ढेर हो गई थी और ऑस्ट्रेलिया ने पहले दिन 1 विकेट पर 86 रनों का स्कोर बना लिया था।

दूसरे दिन ऑस्ट्रेलिया ने इस स्कोर से आगे खेलना शुरू किया। कंगारुओं ने दूसरे दिन की शुरूआत करते हुए पहला विकेट नाथन मैकस्वीनी के रूप में गंवाया। नाथन मैकस्वीनी, को बुमराह ने पंत के हाथों विकेट के पीछे कैच आउट कराया। नाथन मैकस्वीनी, ने 109 गेंदों पर 39 रनों की पारी खेली।



इसके बाद बुमराह ने स्टीव स्मिथ को 2 रनों के निजी स्कोर पर आउट करके भारत को बड़ी सफलता दिलाई। स्मिथ को भी पंत ने विकेट के पीछे कैच आउट किया। हालांकि इसके बाद ट्रेविस हेड और मार्नस लाबुशेन के बीच बढ़िया अर्धशतकीय साझेदारी ने मेजबान टीम को बढ़त की ओर अग्रसर कर दिया।

भारत को डिनर ब्रेक से पहले नीतीश कुमार रेड्डी ने बड़ी सफलता दिलाते हुए 64 रनों के स्कोर पर खेल रहे लाबुशेन को आउट कर दिया। लाबुशेन ने 126 गेंदों पर 64 रनों की पारी खेली और 9 चौक लगाए। लाबुशेन को यशस्वी जायसवाल ने आउट किया। दूसरे दिन चाय ब्रेक तक ऑस्ट्रेलिया ने 59 ओवर में 4 विकेट के नुकसान पर 191 रन बना लिए हैं। ट्रेविस हेड 67 गेंदों पर 53 रनों की आक्रामक पारी खेलकर क्रीज पर टिके हुए हैं।

# बुमराह-सिराज ने झटके 4-4 विकेट
## लेकिन ऑस्ट्रेलिया की मिली 157 रन की बढ़त

**एडिलेड।** ट्रैविस हेड ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार 140 रन बनाए - इस प्रारूप में उनका आठवां शतक - जिससे ऑस्ट्रेलिया ने शनिवार को एडिलेड ओवल में दूसरे टेस्ट के दूसरे दिन चाय के बाद 87.3 ओवर में 337 रन बनाकर 157 रन की बढ़त हासिल कर ली।

हेड की यह एक जबरदस्त पारी थी, जिसमें उन्होंने अपने सामान्य फ्री-फ्लोइंग कट और पुल के साथ कुछ शानदार ड्राइव लगाए और 17 चौके और चार छक्के लगाए, जिससे ऑस्ट्रेलिया ने डे-नाइट टेस्ट में अपने तीसरे शतक के साथ मैच में अपनी स्थिति मजबूत कर ली।

दूसरे सत्र की शुरूआत हेड और मिशेल मार्श ने बुमराह की गेंद पर चौका जड़ने के साथ की, इससे पहले कि बुमराह रविचंद्रन अश्विन की स्लाइडिंग ऑफ-ब्रेक को डिफेंड करने की कोशिश करते, लेकिन गेंद पंत के पास चली गई और अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के उंगली उठाने से पहले ही वह मैदान से बाहर चल दिए।



बाद में रिप्ले में स्निको की लाइन सपाट दिखी, जिसका मतलब था कि मार्श ने पहले कभी गेंद को नहीं छुआ था। बुमराह की गेंद को चार रन के लिए घुमाने के बाद हेड ने पिच पर आगे आते हुए उनके सिर के ऊपर से छक्का जड़ दिया। उन्होंने फिर से अश्विन की गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से बड़ा शॉट मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैर के अंगूठे से टकरा गई और मोहम्मद सिराज ने मुश्किल कैच छोड़ दिया।

हेड ने लगातार बाउंड्री लगाईं और हर्षित राणा की गेंद पर चार शानदार बाउंड्री लगाईं, जिनमें से एक कीपर और वाइड फर्स्ट स्लिप के बीच से निकल गई।

# भारत में मोटर स्पोर्ट्स के गॉडफादर इंदु चंडोक का निधन

**चेन्नई ।** भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के दिग्गज इंदु चंडोक का शनिवार सुबह निधन हो गया। वे छह दशकों से भी अधिक समय से भारतीय मोटरस्पोर्ट्स से जुड़े रहे। वे 93 वर्ष के थे और अपने पीछे दो बेटे, एक बेटी, सात पोते-पोतियां और चार परपोते-परपोतियां छोड़ गए हैं।

इंदु चंडोक के बेटे और मद्रास मोटर स्पोर्ट्स क्लब (एमएमएससी) के उपाध्यक्ष विक्की चंडोक ने कहा: चंडोक परिवार के मुखिया का आज सुबह नींद में निधन हो गया। वे एक महान व्यक्ति थे। 'बीआईसी' ने अपने जीवन को अंत तक हास्य की भावना से भरपूर जिया। वे एक शानदार पिता और संरक्षक थे।

एक तरह से, वे भारतीय मोटरस्पोर्ट्स के मुखिया भी थे, जिन्होंने खेल के विकास के लिए एक स्पष्ट दृष्टिकोण के साथ बड़ी तस्वीर देखी। परिवार और मोटरस्पोर्ट्स बिरादरी उन्हें



याद करेगी।

एमएमएससी के अध्यक्ष अजीत थॉमस ने कहा: इंदु चंडोक के निधन से एमएमएससी और भारतीय मोटरस्पोर्ट्स ने एक दिग्गज और संस्थागत हस्ती खो दी है। भारत में मोटरस्पोर्ट्स को निश्चित दिशा प्रदान करने में उनका महत्वपूर्ण योगदान था और अब हम उनके अथक प्रयासों का फल भोग रहे हैं। उन्होंने एमएमएससी को आज की स्थिति तक पहुंचाया।

# गुलाबी गेंद का कहर भारत गहरे संकट में

**एडिलेड ।** भारत पहली पारी में ऑस्ट्रेलिया से 157 रन से पिछड़ने के बाद दूसरे डे नाईट टेस्ट में दूसरे दिन शनिवार को स्टंप्स तक पांच विकेट 128 रन पर गंवाकर हार के गहरे संकट में फंस गया है।

पहले दिन की तरह दूसरा दिन भी पूरी तरह ऑस्ट्रेलिया के नाम रहा। ऑस्ट्रेलिया ने ट्रैविस हेड (140) के शानदार शतक से पहली पारी में 337 रन बनाकर 157 रन की महत्वपूर्ण बढ़त हासिल कर ली और स्टंप्स तक भारत के पांच विकेट झटककर सीरीज में बराबरी हासिल करने वाली जीत की तरफ कदम बढ़ा दिया है।



भारत का शीर्ष क्रम पहली पारी की तरह दूसरी पारी में भी फ्लॉप रहा। अनुभवी बल्लेबाज लोकेश राहुल सात, विराट कोहली 11 और कप्तान रोहित शर्मा छह रन बनाकर पवेलियन लौट गए । युवा बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल 24 और शुभमन गिल 28 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया की तरफ से पैट कमिंस और स्कॉट बोलैंड ने दो-दो तथा मिचेल स्टार्क ने एक विकेट लिया।

भारत अभी ऑस्ट्रेलिया की बढ़त से 29 रन पीछे हैं और उनकी आखिरी बल्लेबाजी जोड़ी क्रीज पर है। स्टंप्स के समय ऋषभ पंत 25 गेंदों में पांच चौकों की मदद से 28 और नितीश कुमार राणा 14 गेंदों में तीन चौकों के सहारे 15 रन बनाकर क्रीज पर है। अब पंत और नितीश पर भारत को कल पारी की हार से बचाने की जिम्मेदारी होगी।

इससे पहले हेड ने अपने घरेलू मैदान पर शानदार 140 रन बनाए - जो इस प्रारूप में उनका आठवां शतक है - जिससे ऑस्ट्रेलिया ने चाय के बाद 87.3 ओवर में 337 रन बनाकर 157 रन की बढ़त हासिल कर ली। हेड की यह एक जबरदस्त पारी थी, जिसमें उन्होंने अपने सामान्य फ्री-फ्लोइंग कट और पुल के साथ कुछ शानदार ड्राइव लगाए और 17 चौके और चार छक्के लगाए।

दूसरे सत्र की शुरूआत हेड और मिशेल मार्श ने बुमराह की गेंद पर चौका जड़ने के साथ की, इससे पहले कि बुमराह रविचंद्रन अश्विन की स्लाइडिंग ऑफ-ब्रेक को डिफेंड करने की कोशिश करते, लेकिन गेंद पंत के पास चली गई और अंपायर रिचर्ड इलिंगवर्थ के उंगली उठाने से पहले ही वह मैदान से बाहर चल दिए।

बाद में रिप्ले में स्निको की लाइन सपाट दिखी, जिसका मतलब था कि मार्श ने पहले कभी गेंद को नहीं छुआ था। बुमराह की गेंद को चार रन के लिए घुमाने के बाद हेड ने पिच पर आगे आते हुए उनके सिर के ऊपर से छक्का जड़ दिया।

उन्होंने फिर से अश्विन की गेंद पर मिड-ऑन के ऊपर से बड़ा शॉट मारने की कोशिश की, लेकिन गेंद उनके पैर के अंगूठे से टकरा गई और मोहम्मद सिराज ने मुश्किल कैच छोड़ दिया।

हेड ने लगातार बाउंड्री लगाईं और हर्षित राणा की गेंद पर चार शानदार बाउंड्री लगाईं, जिनमें से एक कीपर और वाइड फर्स्ट स्लिप के बीच से निकल गई। हेड ने स्क्वायर लेग पर एक रन लेकर मात्र 111 गेंदों में अपना शतक पूरा किया और मुट्ठी बांधकर जश्न मनाया और रॉक-द-बेबी सेलिब्रेशन किया, साथ ही हेलमेट के अंदर बैट हैंडल को पकड़कर जश्न मनाया।

# ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद: हेजलवुड

**एडिलेड ।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज जोश हेजलवुड ने कहा कि उन्हें भारत के खिलाफ आगामी ब्रिस्बेन टेस्ट में खेलने की उम्मीद है।

उन्होंने कहा, शरीर काफी अच्छा महसूस कर रहा है। मेरा मतलब है, टेस्ट के बीच लंबा अंतराल है, इसलिए इसने मुझे ठीक होने की कोशिश करने के लिए कुछ और दिन दिए हैं। मैंने इस सप्ताह में अब तक कुछ बॉक्स टिक किए हैं, और चौथे दिन एक बड़ा टिक करने की उम्मीद कर रहा हूं - पूरे दिन कुछ स्पैल गेंदबाजी करूंगा और देखूंगा कि यह कैसा रहता है। इसलिए, उस दिन के लिए उंगलियां क्रॉस की हुई हैं।

हेजलवुड ने डिनर ब्रेक के दौरान ब्रॉडकास्टर चैनल सेवन से कहा, मैंने मुख्य प्रशिक्षण के दिनों में से एक पर थोड़ा गेंदबाजी की थी, और तब मैं लगभग 70 फीसदी फिट था। इसलिए, कल मैंने नेट पर 80 से 90 प्रतिशत तक टिक किया और बस इसी पर काम जारी रखूंगा। पिछले कुछ सालों से यह



टीम मेरे लिए थोड़ी परेशानी का सबब रही है। यह एक मामूली तनाव है; कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं, इसलिए उम्मीद है कि यह ठीक रहेगा।"

हेजलवुड ने इस बात पर भी जोर दिया कि मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई सेट-अप अब तक के सबसे कड़े सेट-अप में से एक है, क्योंकि पर्थ टेस्ट के तीसरे दिन उनकी टिप्पणियों ने ड्रेसिंग रूम में विभाजन की चिंता को जन्म दिया था।

यह शायद मेरे पूरे करियर में सबसे कड़े सेट-अप में से एक है जिसका मैं हिस्सा रहा हूं। हम एक-दूसरे को अच्छी तरह से जानते हैं। मुझे लगता है कि (मेरे उद्धरण) को थोड़ा अलग

## हेजलवुड साइड स्ट्रेन के कारण चल रहे डे-नाइट एडिलेड टेस्ट से चूक गए, जिसके कारण स्कॉट बोलैंड ने उनकी जगह प्लेइंग इलेवन में जगह बनाई हेजलवुड ने कहा कि उन्होंने कुछ बॉक्स पहले ही टिक कर लिए हैं और कुछ और टिक करने हैं

संदर्भ में लिया गया है। यह शायद एक सलामी बल्लेबाज से अगले दिन 10 विकेट लेने की कोशिश करने के बारे में पूछने जैसा है। आप इसका बड़ा हिस्सा नहीं हैं। नंबर 11 के दृष्टिकोण से शायद उस समय मेरी यही सोच थी। मुझे लगता है कि इसे थोड़ा बेहतर तरीके से कहा जा सकता था, लेकिन निश्चित रूप से प्लेइंग ग्रुप के साथ कोई दिक्कत नहीं है।

# ओमान में महिला जूनियर एशिया कप में भारत की नजर खिताब बचाने पर

**मस्कट ।** भारतीय जूनियर महिला हॉकी टीम ओमान के मस्कट में महिला जूनियर एशिया कप में भाग लेने के लिए पूरी तरह तैयार है, क्योंकि उनका लक्ष्य पिछले साल का अपना खिताब बचाना है। 7 से 15 दिसंबर तक होने वाला यह टूर्नामेंट एफआईएच जूनियर



विश्व कप 2025 के लिए क्वालीफाइंग इवेंट भी है, जो चिली में आयोजित किया जाएगा। भारत का नेतृत्व कोच तुषार खांडेकर, कप्तान ज्योति सिंह और उप कप्तान साक्षी राणा करेंगे। टीम में दीपिका, वैष्णवी विट्ठल फाल्के, सुनीता टोप्पो और मुमताज खान जैसी खिलाड़ी भी शामिल हैं, जो पिछले साल की खिताबी जीत के बाद से सीनियर टीम के लिए खेल रही हैं।

# जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह को प्रतीक झण्डा लगाकर किया गया सम्मानित

## 'स्मारक पत्रिका वर्ष 2024' का डीएम ने किया विमोचन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** सशस्त्र सेना झण्डा दिवस के अवसर पर जनपद-गाजियाबाद के भूतपूर्व सैनिकों एवं अनके परिवारों तथा सेवारत सैनिको के कल्याण के लिए धन एकत्रित करने हेतु जिलाधिकारी आवास पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (आई.एन.) राम प्रवेश सिंह, (अ.पा.) द्वारा जिलाधिकारी को प्रतीक झण्डा लगाकर सम्मानित किया गया तथा निदेशालय सैनिक कल्याण लखनऊ द्वारा प्रकाशित 'स्मारक पत्रिका वर्ष 2024' का जिलाधिकारी द्वारा विमोचन किया गया। जिसके प्रति जिलाधिकारी एवं जिलाधिकारी कैम्प कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारी एवं स्टाफ द्वारा दान पात्र में दान किया गया।

इस मौके पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय के जगदीश प्रसाद पायला, विनोद भाटी, कविता देवी, कनिष्ठ सहायक राकेश एवं रवि कुमार तथा जिला सैनिक बन्धु बैठक के सदस्य अन्जु रानी तथा पूर्व हवलदार विरेन्द्र कुमार, बृजभषण अग्रवाल आदि उपस्थित रहे। इसके उपरान्त जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कैप्टन, (आई०एन) राम प्रेवश सिंह (अ०पा०) द्वारा कार्यालय में आये समस्त पूर्व सैनिक एवं उनके परिवारों को झण्डा प्रतीक लगाकर जलपान कराया गया। तथा उन्होने स्वेच्छा से दान पात्र में दान किया।

# बढ़ते साइबर अपराध को लेकर अखिलेश यादव ने भाजपा पर साधा निशाना, बोले-डिजिटल हैं तो अनसेफ हैं



### आम जनता पूछ रही है कि :

- जब पैसा एक खाते से ट्रांसफर होकर किसी और के खाते में ऑनलाइन जा रहा है तो फिर क्यों नहीं पकड़ा जा रहा है?
- जिसके एकाउंट में जा रहा है, क्या सरकार के पास उसका कोई केवाईसी नहीं है?
- आम जनता को बार-बार केवाईसी के लिए दौड़ाया जाता है और अपराधियों को क्या पूरी छूट है?
- ऐसी घटनाएं भाजपा राज में ही क्यों हो रही हैं?
- ये कोई बहुत बड़ी सरकारी मिलीभगत का गोरखधंधा चल रहा है क्या?

**नोएडा, करंट क्राइम।** साइबर अपराध के बढ़ते मामलों ने नोएडा में एक गंभीर चिंता पैदा कर दी है। समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भाजपा सरकार पर तीखा हमला बोला है, जिसमें उन्होंने 'डिजिटल अरेस्ट' जैसी ठगी की घटनाओं पर सवाल उठाए हैं। यह स्थिति न केवल नोएडा बल्कि पूरे उत्तर प्रदेश में डिजिटल सुरक्षा पर गंभीर सवाल उठाती है।

### अखिलेश यादव ने चेतावनी दी

अखिलेश यादव ने अपने एक्स पोस्ट में लिखा है डिजिटल अरेस्ट जैसे ठगी के तरीके से कोई नकली वर्दी में पुलिस बनकर बात ही नहीं करता है बल्कि वीडियो पर झूठा थाना बनाकर, दिखाकर और धमकाकर ऑनलाइन पैसे भी वसूल लेता है। भाजपा सरकार क्या इसी डिजिटल इंडिया को विकसित करने की बात करती है। उप्र की पुलिस (सच्ची पुलिस) से अपील है कि नोएडा में ठगे गये परिवार का पूरा पैसा वापस करवाए और ठगों को पकड़े। नहीं तो जनता अपना नारा देगी : डिजिटल हैं तो अनसेफ हैं।

### पैसा वापस और अपराधियों को गिरफ्तार करें

अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश पुलिस से अपील की है कि वह ठगे गए परिवारों को पूरा पैसा वापस दिलाए और अपराधियों को गिरफ्तार करें। जिले में स्पेशल साइबर थाना होने के बावजूद डिजिटल अरेस्ट के मामले लगातार सामने आ रहे हैं। यह स्थिति पुलिस प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाती है।

# बाइक और कार की भिड़ंत : शादी में शामिल होने जा रहे गौतमबुद्ध नगर के युवक की मौत



**हापुड़ करंट क्राइम।** थाना देहात क्षेत्र के नए हाईवे पर थाने से 100 मीटर की दूरी पर एक कार और बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसा इतना भयंकर था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। जबकि कार क्षतिग्रस्त हो गई। बताया जा रहा है बाइक सवार शादी समारोह में शामिल होने जा रहा था। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज परिजनों को मामले की जानकारी दे दी है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार एक युवक बाइक पर सवार होकर दिल्ली की ओर से मुरादाबाद की ओर जा रहा था। जैसे ही वह थाना देहात से कुछ दूरी पर पहुंचा तो पीछे आ रही तेज रफ्तार कार का नियंत्रण खो गया और बाइक से टकरा गई। हादसा इतना भयंकर था कि युवक की मौके पर मौत हो गई। हादसे के बाद लोगों ने मामले की जानकारी पुलिस को दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा ओर वाहनों को साइड कराया। पुलिस ने मृतक की पहचान साकीपुर जिला गौतमबुद्ध नगर के रहने वाले उमेश के रूप में की है।

थाना प्रभारी निरीक्षक सुरेश कुमार ने बताया कि मृतक बाइक पर सवार होकर नोएडा से बाबूगढ़ में आयोजित शादी समारोह में शामिल होने के लिए जा रहा था। मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और परिजनों को मामले की जानकारी दे दी गई है।

# शादी से पहले मीटिंग के बहाने रेस्तरां में बुलाकर वसूली, विरोध पर बदसलूकी



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में रेस्तरां मे बुलाकर वसूली के मामले लगातार बढ़ रहे हैं। अभी फिर से आरडीसी में एक इसी तरह का मामला सामने आया है। युवक को युवती के साथ खाने और हुक्के का 34 हजार रुपये का बिल थमा दिया गया। युवक बिल ज्यादा बताते हुए विरोध किया तो उसके साथ बदसलूकी की गई। पीड़ित ने मेल भेजकर कविनगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। बता दें कि आरडीसी और कौशांबी में पहले भी इस तरह के मामले सामने आते रहे हैं।

### शादी कराने वाली साइट पर मिली थी युवती

पीड़ित आशुतोष ने पुलिस को भेजे मेल में बताया है कि उसकी एक युवती से शादी कराने वाली वेवसाइट के जरिए मुलाकात हुई थी। युवती के साथ फोन पर बात होने लगी। पीड़ित के मुताबिक युवती ने शादी से पहले एक मीटिंग की बात कहते हुए आरडीसी स्थित हीरेज बीट कैफे में बुलाया। वहां दोनों ने खाना खाया। रेस्तरां में हुक्के और खाने का बिल 34,397 रुपये बना दिया गया। बिल देखकर आशुतोष ने एतराज किया। इस पर रेस्तरां का स्टाफ उसे एक कमरे में ले गया और गाली गलौच करते हुए धमकाया। आशुतोष ने किसी तरह बिल का भुगतान कर दिया और अपने घर चला गया।

### ईमेल भेजकर पुलिस से की शिकायत

पीड़ित आशुतोष ने मेल के जरिए मामले में कविनगर थाना पुलिस को शिकायत भेजकर रेस्तरां संचालकों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। मामले में डीसीपी सिटी राजेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। बता दें कि नवंबर के आखिरी सप्ताह में टिंडर एप के जरिए संपर्क में आई युवती ने ग्रेटर नोएडा के एक नामी इंस्टीट्यूट के छात्र को हनी ट्रैप कर फंसाया गया था। युवती गौड मॉल के पास एक कैफे में ले गई थी जहां छात्र को स्नैक्स और कोल्ड ड्रिंक का 38000 रुपये का बिल थमा दिया गया था। अक्टूबर में कौशांबी के एक कैफे में भी दिल्ली के युवक के साथ ऐसा ही हुआ था।

# तहसील मोदीनगर में भी हड़ताल रही



**मोदीनगर करंट क्राइम।** गाजियाबाद जिला जज कोर्ट में वकीलों पर लाठीचार्ज का मामले को लेकर बैनामा लेखको व वकीलों ने हडताल जारी रखी। उन्होने चेताया कि जब तक बार एसोसियेशन गाजियाबाद की ओर से अग्रिम प्रस्ताव नही आता, तब तक कार्यालयों की तालाबंदी कर हडताल जारी रखी जायेगी।

शनिवार को भी बार एसोसिएशन मोदीनगर के बैनर तले तहसील में वकीलों की बैठक हुई। बैठक में दस्तावेज व बैनामा लेखक भी रहे। इस दौरान निर्णय लिया गया कि कोई भी वकील चैंबर नहीं खोलेगा ना ही कोई टाईपिस्ट काम करेगा। रजिस्ट्री कार्यालय को भी बंद रखा जाएगा। यदि कोई वकील नियमों की अवहेलना करता है तो उस पर पांच हजार रुपये का जुमार्ना लगाया जाएगा। वकीलों ने मांग पूरी नहीं होने तक आंदोलन जारी रखने की चेतावनी दी है। बार एसोसिएशन मोदीनगर के अध्यक्ष उत्तम त्यागी के अलावा सचिव सौरव मुगदल, पूर्व अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, पूर्व सचिव नकुल त्यागी, प्रेमवीर राठी, कुलदीप बंसल, अजित कुमार, अजय राठी, राजकुमार चैधरी, राजकुमार त्यागी, विनोद तेवतिया, जय सिंह, प्रवीण कुमार आदि मौजूद रहें।

# ब्लाइंड मर्डर का खुलासा : साथी के साथ मिलकर सोनू को उतारा मौत के घाट



**हापुड़, करंट क्राइम।** गढ़मुक्तेश्वर कोतवाली क्षेत्र के ब्रजघाट पर श्मशान घाट मे मिले शव के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। पुलिस ने मामले का पदार्फाश कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक मृतक के दोस्त ने हत्याकांड को अंजाम दिया था।

दरअसल, एडिशनल एसपी विनीत भटनागर ने बताया कि ब्रजघाट के श्मशान घाट में 26 नवंबर को एक अज्ञात शव मिला था, जिसको पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज शिनाख्त के प्रयास शुरू कर दिए थे। जहां इस दौरान पुलिस ने शव की शिनाख्त 28 वर्षीय सोनू के रूप में की। इस मामले में मृतक की मां ने हत्या का मुकदमा दर्ज कराते हुए कार्रवाई की मांग की थी। जिसके बाद एक टीम का गठन कर जांच शुरू कर दी गई। टीम ने घटनास्थल के आसपास के इलाके में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाली और तकनीकी सहायता ली, जिसके बाद चौकाने वाला खुलासा हुआ।

एसपी विनीत भटनागर नें बताया की हत्या आरोपियों ने अपना नाम अन्नू वाल्मीकि और राजपाल उर्फ राजू बताया। आरोपियों से एक कुल्हाड़ी (आला कत्ल), घटना में प्रयुक्त पल्ली, बुग्गी, दो मोबाइल फोन और बाईक को बरामद किया है।

### पूछताछ में हुआ खुलासा

एएसपी ने बताया कि उसकी हत्या में पड़ोसी अन्नू का हाथ शामिल था, जिसने पूछताछ में बताया कि उसकी पत्नी से मृतक सोनू अक्सर मिलना जुलना होता था। पत्नी से अवैध संबंध के शक के चलते अपने साथी के साथ मिलकर हत्या की घटना को अंजाम दिया था। हत्या कर शव को घर के पास लगे पीपल के पत्तों से शव को ढक कर पुराने श्मशान घाट के पास वन विभाग वाले जंगल में ले जाकर फेक दिया। हत्यारे आरोपी अन्नू ने बताया कि मृतक सोनू शर्मा का मेरे घर आना जाना था। इसी दौरान मृतक सोनू का मेरी पत्नी से प्रेम प्रसंग हो गया था।

### ऐसे बनाई हत्या की योजना

सोनू पत्नी से कहा था कि यदि तुम मेरे साथ रहना चाहो तो में तुम्हारे पति को जान से मार दूंगा और तुम्हारा पूरा खर्चा दूंगा। यह बात मुझे मेरी पत्नी ने ही बताई थी। इस बात का जिक्र अपने दोस्त राज पाल उर्फ राजू के साथ किया, जिसके बाद दोनों ने मिलकर सोनू को मौत के घाट उतारने का प्लान बना लिया। 25 नवबर को तीनों ने दंडी गौशाला में बैठकर शराब का सेवन किया। नशा होने पर राजू ने सोनू को बातों में लगाकर रखा और कमरे में रखी कुल्हाड़ी से सोनू के सिर में वार कर हत्या कर दी।

# टयूबवैलों से किया चोरी का प्रयास, विरोध देख की फायरिंग

**मोदीनगर करंट क्राइम।** दो खेतो की टयूबवैलो से चोरो ने मोटर चोरी करने का प्रयास किया। ग्रामीणों का विरोध देख चोर फायरिंग करते हुयें वाहन से भाग निकले। ग्रामीणों की तहरीर पर पुलिस ने चोरी के प्रयास में प्रयुक्त वाहन नंबर दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी हैं। निवाड़ी थानान्तर्गत गांव मकरमतपुर सिखैडा के सारा रोड स्थित सारा मार्ग पर अशोक त्यागी ओर हरिभूषण त्यागी की अलग-अलग खेतों में टयूबवैल हैं। तडके करीब चार बजे पिकअप वाहन से आये तीन चार चोरो ने दोनो टयूबवैलों से मोटर चोरी करने का प्रयास किया। इस बीच गांव के युवको ने खेत के रास्ते पर खड़ा एक पिकअप वाहन देखा। ओर टॉर्च मारी तो चोरों को चोरी करते देख लिया ओर शोर मचता देख आरोपियों ने उन युवको पर फायरिंग झोक दी। साहस का परिचय देते हुयें युवकों ने पिकअप वाहन का नंबर ले लिया, लेकिन आरोपी भाग निकले। सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने जांच की तो पाया कि आरोपी एक किसान की मोटर का केवल डिलिवरी पाईप लेकर ही भागे हैं।

# एसआरएम में माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**मोदीनगर करंट क्राइम।** एसआरएम आईएसटी के इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन इंजीनियरिंग विभाग द्वारा माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग पर आयोजित दो दिवसीय आठवें अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ किया गया। शुभारंभ मुख्य अतिथि कुलपति इंदिरा गांधी दिल्ली टेक्निकल यूनिवर्सिटी फॉर वूमेन प्रो0 डॉ0 रंजना झा, प्रमुख आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोजेक्ट सिंगिडुनम यूनिवर्सिटी, बेलग्रेडए सर्बिया रिसर्च के वाइसरेक्टर सिनर्जिजा यूनिवर्सिटी, बिजेलजिना प्रो0 मिलन टुबा बीएचए, डॉ0 अमलेंदु पटनायक प्रो0 आईआई टी रुड़की डॉ0 नसीमुद्दीन प्रिंसिपल साइंटिस्ट इंस्टीट्यूट फॉर इन्फोकॉम रिसर्च, स्टार सिंगापुरद्ध, सुश्री पूजा नारंग सिस्टम प्रशासक इंटरनेट एन जेड, न्यूजीलैंड, शिक्षण संस्थान के निदेशक डॉ0 संजय विश्वनाथन, डीन डॉ0 आर पी महापात्रा, डीन साइंसेस एंड हयूमैनिटिज डॉ0 नवीन अहलावत, डीन मैनेजमेंट स्टडीज डॉ0 एनएम मिश्रा डीन आईकयुएसी डॉ0 धोम्या भट्ट व विभाग अध्यक्ष डॉ0 रूपाली सिंह ने सयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। संस्थान के डीन डॉ0 आरपी महापात्रा ने माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्स एंड टेलीकम्युनिकेशन इंजीनियरिंग के महत्व के बारे में बताया एवं जानकारी दी कि दो दिवसीय अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन में देश और विदेश से आए हुए सभी अतिथि, छात्र व छात्राएं विभिन्न क्षेत्रों जैसे इमेज प्रोसेसिंग, माइक्रो इलेक्ट्रॉनिक्सए क्लाउड कंप्यूटिंग, डाटा साइंस, सेमीकंडक्टर टेक्नोलॉजी आदि में अपने विचार साझा करेंगे। मुख्य अतिथि प्रो0 डॉ0 रंजना झा ने नई-नई तकनीक के बारे में जानकारी देते हुये बताया कि किसी भी देश को विकसित होने के लिए नई.नई तकनीकी सिखाना बहुत जरूरी है। डॉ0 अमलेंदु पटनायक ने एंटीना डिजाइनिंग के बारे में जानकारी दी। डॉ0 नसीमुद्दीन ने बताया की किस तरह हम एंटीना डिजाइन करके रूरल एरिया को भी अच्छी दूरसंचार सेवा दे सकते हैं। सुश्री पूजा नारंग ने इंटरनेट की उपयोगिता के बारे में बताया और इंटरनेट के बारे में विस्तृत जानकारी दी। डॉ0 सप्तऋषि गुप्ता ने अंर्तराष्ट्रीय सम्मेलन मे आये सभी अतिथियों, संस्थान के निर्देशक, डीन, सभी विभाग के विभाग अध्यक्ष, फैकल्टी मेंबर, प्रतिभागी व छात्र-छात्राओं को कार्यक्रम सफल बनाने के लिये धन्यवाद दिया।

# जिले के दोनों सीईओ और डीएम के सामने प्राधिकरण कर्मचारियों को दौड़ाकर पीटा

## पांच दिन बाद भी एफआईआर नहीं



**नोएडा, करंट क्राइम।** यूपी की औद्योगिक राजधानी नोएडा में बेखौफ दबंग लोगों ने नोएडा प्राधिकरण कार्यालय के अंदर घुसकर सीईओ और डीएम के सामने उनके कर्मचारियों को दौड़ा-दौड़ा पीटा। दबंगों ने भू-लेख विभाग कार्यालय में रखी फाइल को उठाकर फाड़ दिया। कर्मचारी अपनी जान बचाने के लिए इधर-उधर भागते रहे। परिसर में मौजूद पुलिस ने किसी तरह मारपीट कर रहे लोगों को समझा-बुझाकर शांत कराया। इसके बाद दबंगों के कुछ साथी प्राधिकरण का गेट तोड़कर अंदर घुस गए और जमकर बवाल काटा। घटना के बाद वर्क सर्किल-1 के जेई ने इसकी शिकायत थाना फेज-1 पुलिस से की, लेकिन पांच दिन भी पुलिस ने केस दर्ज नहीं किया है।

पुलिस को दी शिकायत में सहायक प्रबन्धक वर्क सर्किल-1 पंकज गर्ग ने बताया कि 3 दिसम्बर को दोपहर करीब 1:30 बजे मुख्य प्रशासनिक भवन सेक्टर-6 स्थित प्राधिकरण परिसर में मुख्य कार्यपालक अधिकारी नोएडा, मुख्य कार्यपालक अधिकारी ग्रेटर नोएडा, जिलाधिकारी गौतमबुद्ध नगर एवं अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की आवश्यक बैठक चल रही थी। इसी दौरान आशीष चौहान पुत्र देवेन्द्र निवासी बरौला एवं रोहित पुत्र बालकिशन निवासी सदरपुर नामक व्यक्ति प्राधिकरण के भू-लेख विभाग में आये और वहां कार्यरत कर्मचारियों से यह कहते हुए गाली-गलौज व मारपीट करने लगे कि तुम लोग कोई काम नहीं करते हो तथा भू-लेख विभाग कार्यालय में रखी फाइल को उठाकर फाड़ दिया। किसी तरह नोएडा पुलिस की मदद से उपरोक्त दोनों व्यक्तियों को नोएडा प्राधिकरण परिसर से बाहर निकाला गया।

### कर्मचारियों को बनाया बंधक

प्राधिकरण परिसर में हो रहे शोरगुल को सुनकर वरिष्ठ अधिकारी बैठक कक्ष से बाहर आये तथा परिसर में उपस्थित पुलिस बल की सहायता से उक्त लोगों को समझा-बुझाकर रोकने का प्रयास किया। परन्तु वे नहीं माने तथा परिसर में उपस्थित वरिष्ठ अधिकारियों और पुलिस बल पर हमला कर उनके साथ भी अभद्रता की। आरोपियों ने प्राधिकरण की सम्पत्ति को नुकसान पहुंचाया। साथ ही प्राधिकरण के कर्मचारियों को उनके कार्यालय में बंधक बनाकर सरकारी कार्य को पूर्णत: बाधित किया।

### गेट तोड़कर अंदर घुसे

तभी आपराधिक षडयंत्र के तहत इनके साथी सुरेन्द्र प्रधान, सुधीर चौहान, अशोक चौहान, गजन उर्फ गजेन्द्र, विमल त्यागी, मुनीश प्रधान सदरपुर, रिंकू यादव गढ़ी चौखण्डी, गौतम लोहिया गेझा, प्रमोद त्यागी, देवेन्द्र यादव व 50-60 अन्य अज्ञात व्यक्ति प्राधिकरण परिसर के मुख्य गेट पर एकत्र हुए तथा गेट को जबरदस्ती तोड़कर परिसर में प्रवेश कर गए। आरोपियों ने प्राधिकरण कार्यालयों में कार्यरत कर्मचारियों के साथ गाली-गलौज करने लगे और जान से मारने की नीयत से हमला कर मारपीट करने लगे।

### जरूरी फाइलों को फाड़कर फेंका

इस दौरान कर्मचारियों और अपने कार्य के लिए प्राधिकरण में आए लोगों में भय और आतंक का माहौल पैदा कर दिया। प्राधिकरण के अन्दर असुरक्षा का माहौल पैदा कर सरकारी सम्पत्ति और फाइलों को फाड़कर क्षति पहुंचाई। इससे पूर्व भी उक्त लोग भारी संख्या में एकत्रित होकर प्राधिकरण परिसर कार्यालय पर हंगामा और इस प्रकार के कृत्य कर चुके हैं, जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाना सेक्टर-20 नोएडा पर विभिन्न अभियोग पंजीकृत हैं। सहायक प्रबन्धक वर्क सर्किल-1 पंकज गर्ग ने पुलिस से नामजद व्यक्तियों और उनके साथ आए 50-60 अन्य अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई करने की गुहार लगाई है।




# कभी थे खास, अब हो रही है तलाश

पुलिस कमिश्नरेट सिस्टम गाजियाबाद में इन दिनों कई टू-स्टार ऐसे हैं जो अपने जोन के साहब लोगों के खास हुआ करते थे लेकिन आज उनकी तलाश हो रही है। कई के तो जोन बदल चुके हैं तो कई परेशान घूम रहे हैं। वहीं सुनने में आया है कि सिटी के जिस खास ऑफिस का कभी दबदबा होता था, आज वहां मामला कई का टाइट चल रहा है। सूत्र बताते हैं कि इस ऑफिस में कई लोगों के बीच कोल्ड वार चल रही है। वहीं आपस में ही कई लोग शिकायत कर रहे हैं। तो कई फेस ऐसे हैं जो लोगों को खटक भी रहे बताए जा हैं। तो कोई बोल रहा है कि उनकी पारी बेहद लंबी हो चुकी है और उनकी शिकायतों के भी अंबर हैं। पर सवाल हो रहा है कि वह अबतक सेफ क्यों हैं। पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बताते हैं कि दो सालों के दौरान एक कार्यालय के कई फेस ऐसे हैं जो ना तो बदले गए हैं और ना शिकायतों के बाद उन पर कार्रवाई हो रही है। वहीं सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि उनकी सेटिंग की वजह से ही मामला शांत चल रहा है वरना आपस में स्टाफ वाले भी कई बार साहब से शिकायत कर चुके हैं, पर मामला अभी एक्शन की ओर नहीं बढ़ा है। उधर पुलिस कमिश्नरेट वाले सूत्र बता रहे हैं कि बीते दिनों उपचुनाव से पूर्व कुछ टू-स्टारों के तबादले किए गए थे। उन टू-स्टारों ने भी ऑफिस से जुड़े कुछ फेस की शिकायत की थी, बताया जा रहा है मामला कुछ और था पर अधिकारियों ने इस पर संज्ञान नहीं लिया है। उधर कई एसीपी के कार्यालय का स्टाफ भी सिटी वाले उस ऑफिस से परेशान बताए जा रहा है। इन सबके बीच पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में इन दिनों चर्चा चल रही है कि कौन आईपीएस पुलिस कमिश्नरेट आएगा और किस एसीपी पर मेहरबानी होने वाली कृपा होने की प्रबल संभावना बनी हुई है। सूत्र बता रहे हैं कि मंथन का दौर चल रहा है, पर फेस और रेस में मामला अटक रहा है लोकल सूत्र जानकारी दे रहे हैं कि सोमवार तक कुछ उलट फेर या बदलाव वाला सीन बनेगा। तो लिस्ट भी रवाना की जाएगी। वहीं नदिया पार और ग्रामीण जोन के लिए जो बदलाव वाले नाम चल रहे थे, उसमें एक पर ब्रेक लगने की बात सामने आई है। तो एक को पूर्व में ही ईनाम मिल चुका है। वहीं दो नाम अभी भी पेंडिंग चल रहे हैं। देखना होगा उनको कृपा वाला आशीर्वाद कम मिलता है और वह थाने पर ही बने रहेंगे या उनके बैच वालों की तरह उनको भी रवाना किया जाऐगा।




# हापुड़ में सलमान हत्याकांड का पर्दाफाश

## उधार के रुपये वापस मांगने पर किया था मर्डर



**हापुड़, करंट क्राइम।** 5 दिन पूर्व नगर कोतवाली क्षेत्र के नगौला पुलिस चौकी से कुछ दूरी पर मिले युवक के शव के मामले में पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्याकांड का पदार्फाश करते हुए पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उधार के रूपए वापिस मांगने पर युवक की हत्या की गई थी।

दरअसल, नगर कोतवाली इलाके की नगौला चौकी से मात्र 100 मीटर दूर एक खेत में धारदार हथियार गला रेतकर युवक की हत्या कर दी गई थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने मृतक की शिनाख्त मोहल्ला अलीनगर के सलमान के रूप में की थी। सलमान बर्तन बेचने का काम करता था, हत्या से एक दिन पहले गाजियाबाद जिले के फरीदनगर में साप्ताहिक पैठ में बर्तन बेचने के लिए था, जिसका अगले दिन शव खेत में पड़ा मिला था। परिजनों ने हत्या की रिपोर्ट दर्ज कराकर मामले में कार्रवाई की मांग की थी।

घटना का खुलासा करते हुए सदर डीएसपी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पुलिस पूछताछ में आरोपी देवराज उर्फ भूपेंद्र ने बताया कि वह साप्ताहिक बाजार में चाबी छल्ले की दुकान लगाता है। उसकी 6 महीने पहले सलमान से जान पहचान हुई थी, करीब 5 महीने पहले आरोपी देवराज उर्फ भूपेन्द्र ने सलमान से थोडे-थोडे कर 4500 रुपए उधार लिये थे। जिसको लेकर सलमान अब देवराज उर्फ भूपेन्द्र से बार-बार रुपयों का तगादा करता था, जिस कारण देवराज उर्फ भूपेन्द्र बेज्जती महसूस करता था।

### आरोपी हुआ था फरार

डीएसपी ने बताया 30 नवंबर को भी सलमान द्वारा आरोपी देवराज को पैसे का तगादा कर भला बुरा कहा गया था। जिसके चलते 1 दिसंबर को आरोपी देवराज उर्फ भूपेन्द्र उपरोक्त ने लोहे के पाइप और चाकू से सलमान की हत्या कर शव को रोड के किनारे खेत मे डालकर फरार हो गया था। जिसके कब्जे से पुलिस ने लोहे का पाइप और चाकू बरामद कर लिया है।

# पिता की सम्पत्ति पर फजीर्वाडा, पुत्र, गवाहों सहित चार पर मामला दर्ज

**मोदीनगर करंट क्राइम।** एक वृद्ध की सम्पत्ति के कागजातों में हेराफेरी कर बेटे ने ही जमीन व दुकानों का बैनामा कर लिया। लेखपाल व उपनिबंधक की ओर से नियम विरूद्ध किये गये इस कारनामें को लेकर पीडित वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी बेटे, गवाहों सहित चार के खिलाफ धोखाधडी व जालसाजी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी हैं। भोजपुर थानान्तर्गत गांव कलछीना निवासी वृद्ध जान मौहम्मद(67) की ओर से दर्ज रिपोर्ट में बताया गया हैं कि उनकी पैतृक दादालाई मकान व दो दुकानों का बैनामा जीवित रहते हुयें फजीर्वाडा व जालसाज करके उनके बेटे रिजवान ने तीन माह पूर्व कर लिया हैं। इस मामले में उपनिबंधक व बैनामा लेखक पर भी नियम विरूद्ध कार्यवाही करने की बात उजागर हुई हैं। पीडित वृद्ध की शिकायत पर पुलिस ने इस मामले में आरोपी बेटे रिजवान ,गवाह इनामुल, श्रीमती रोहिन गांव सरावा, खुर्जा सहित चार के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया हैं। पुलिस मामले की जांच कर रही हैं।

# रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के नतीजे को अदालत ने पलटा, रूस के दखल की आशंका के बाद फैसला



**बुकारेस्ट ।** रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव के पहले दौर के नतीजे को सर्वोच्च अदालत ने पलट दिया। अदालत ने अपने फैसले में बताया कि प्रक्रिया को फिर से शुरू किया जाना चाहिए। उन्हें इस नतीजे में रूस के शामिल होने का संदेह है, जिसके कारण राजनेता कैलिन जॉर्जेस्कू सबसे आगे निकले। अदालत का यह फैसला राष्ट्रपति क्लॉस इओहानिस के खुफिया जानकारी का खुलासा करने के बाद आया। उन्होंने आरोप लगाया कि चुनाव के दौरान रोमानिया रूसी हमलों का लक्ष्य बन गया था। इस अभियान में कई सोशल मीडिया प्रोफाइल शामिल थे, जो टिकटॉक और टेलीग्राम जैसे प्लेटफार्मों पर जॉर्जेस्कू का समर्थन करते थे।

### अदालत ने लिया चुनावी प्रक्रिया रद्द करने का फैसला

शुक्रवार के फैसले में अदालत ने राष्ट्रपति के चुनाव के लिए पूरी चुनावी प्रक्रिया को रद्द करने का फैसला किया। अगालत ने अपने बयान में कहा, राष्ट्रपति का चुनाव करने के लिए चुनावी प्रक्रिया पूरी तरह से दोबारा शुरू की जाएगी, और सरकार आवश्यक कदमों के लिए एक नई तारीख तय करेगी।

### कैलिन जॉर्जेस्कू सबसे आगे

बता दें कि जॉर्जेस्कू अपने यूरोपीय संघ विरोधी और नाटो विरोधी रुख के लिए जाने जाते हैं। 25 नवंबर को रोमानिया के राष्ट्रपति चुनाव में सबसे आगे चल रहे थे। 62 वर्षीय कैलिन जॉर्जेस्कु के पास लगभग 23 प्रतिशत वोट थे। वहीं प्रधानमंत्री मार्सेल सिओलाकु 20 प्रतिशत वोट के साथ दूसरे स्थान पर थे। ऐसा माना जा रहा कि जनमत सर्वेक्षण में पांच प्रतिशत वोट पाने वाले जॉर्जेस्कू आठ दिसंबर को एक रन ऑफ वोट में सिओलाकु का सामना करने के लिए तैयार हैं।

आंशिक नतीजों से संकेत मिलता है कि जॉर्जेस्कू, जिन्हें चुनाव से पहले जनमत सर्वेक्षणों में 5 प्रतिशत वोट मिले थे।

# 2025 में दक्षिण एशिया में 4.7 करोड़ बच्चों को होगी मानवीय सहायता की जरूरत : संयुक्त राष्ट्र बाल कोष



**नई दिल्ली ।** संयुक्त राष्ट्र बाल कोष ने कहा है कि दक्षिण एशिया में वर्ष 2025 के दौरान जलवायु संबंधी आपदाओं, अन्य प्रकार के संकटों, स्वास्थ्य आपदाओं और आर्थिक झटकों के कारण, लगभग 4 करोड़ 70 लाख बच्चों को मानवीय सहायता की आवश्यकता होगी। यूनीसेफ ने दक्षिण एशिया के देशों में वर्ष 2025 के दौरान लगभग 2 करोड़ 80 लाख लोगों तक जीवनरक्षक मानवीय सहायता पहुंचाने के लिए एक अरब 60 करोड़ डॉलर की रकम जुटाने की अपील जारी की है। इनमें लगभग एक करोड़ 60 लाख बच्चे होंगे और इनकी अधिकतर संख्या अफगानिस्तान, बांग्लादेश, पाकिस्तान व अन्य देशों में होगी।

दक्षिण एशिया के लिए यूनीसेफ के क्षेत्रीय निदेशक संजय विजेसेकेरा ने शुक्रवार को जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा है, 'दक्षिण एशिया में लाखों बच्चे लगातार गम्भीर होती जलवायु संबंधी आपदाओं से गम्भीर रूप से प्रभावित हो रहे हैं, जिनमें बाढ़ें, भूस्खलन, समुद्री तूफान और सूखा स्थितियां शामिल हैं और ये सब आपदाएँ अक्सर मानसून के मौसम में अधिक घटित होती हैं।'

उन्होंने कहा कि बच्चों के लिए इन चुनौतियों में सार्वजनिक स्वास्थ्य आपातस्थितियों, आर्थिक संकटों, और राजनैतिक अस्थिरता के हालात के कारण और भी बढ़ोत्तरी होती है। इनके परिणामस्वरूप बच्चों की जिंदगियां गंभीर जोखिम में पड़ती हैं, जिसमें उनके स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा के साथ-साथ अन्य बुनियादी जरूरतों में भी गम्भीर बाधाएं उत्पन्न होती हैं।

यूनीसेफ की प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि मानवीय सहायता अपील के जरिए मिलने वाली धनराशि से बच्चों और उनके परिवारों की स्वास्थ्य, पोषण, शिक्षा, संरक्षण, पानी और स्वच्छता जरूरतों की पूर्ति सुनिश्चित करने की कोशिश की जाएगी। दक्षिण एशिया क्षेत्र में बच्चों के लिए मानवीय कार्रवाई के हिस्से के रूप में तीन प्रमुख देशों में सहायता पहुंच बनाने की योजना है। अफगानिस्तान में लगभग एक करोड़ बच्चों तक जीवनरक्षक सहायता और बुनियादी सेवाएं मुहैया कराई जाएंगी।

बांग्लादेश में करीब 5 लाख 29 हजार 623 रोहिंज्या शरणार्थियों सहित कुल करीब 21 लाख लोगों तक कई तरह की सहायता मुहैया कराई जाएगी, जिसमें स्वास्थ्य, पोषण और शिक्षा जरूरतों को पूरा किया जाएगा।

# चीन की फिर ताइवान को घेरने की कोशिश

## समुद्री सीमा के पास 15 एयरक्राफ्ट-नौसैनिक पोत भेजे



**ताइपे ।** ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन के 15 सैन्य एयरक्राफ्ट और 8 नौसैनिक पोत शनिवार को उसकी सीमा के पास देखे गए। ताइवान की तरफ से कहा गया कि चीन के चार आधिकारिक पोत भी इस दौरान निगरानी के लिए पहुंचे थे।

रक्षा मंत्रालय की ओर से जारी बयानन के मुताबिक, चीन के 15 एयरक्राफ्ट्स में से 11 ने ताइवान जलडमरूमध्य में दोनों देशों के बीच पड़ने वाली सीमा को पार भी किया और ताइवान के उत्तरी, दक्षिण-पश्चिमी और पूर्वी हवाई रक्षा पहचान क्षेत्र (एयर डिफेंस आइडेंटिफिकेशन जोन) में पहुंच गए। चीन की इस हरकत के मद्देनजर ताइवान ने भी सीमा के पास एयरक्राफ्ट और नौसैनिक पोत के अलावा तटीय मिसाइल सिस्टम को सक्रिय कर दिया।

ताइवान का कहना है कि वह चीन की हरकतों पर निगरानी रख रहा है। एक दिन पहले यानी शुक्रवार को भी चीन के 16 एयरक्राफ्ट और 13 नौसैनिक पोतों के अलावा दो आधिकारिक जहाज ताइवान की सीमा के पास देखे गए थे।

दिसंबर में अब तक ताइवान ने चीनी सैन्य हवाई जहाजों को 71 बार समुद्री सीमा के करीब देखा है, जबकि उसके नौसैन्य पोतों को 50 बार सीमा के करीब पाया गया। सितंबर 2020 के बाद से ही चीन ने ताइवान की समुद्री सीमा के करीब अपने सैन्य एयरक्राफ्ट और नौसैनिक पोतों की संख्या बढ़ाई है।

### ताइवान को अपना हिस्सा मानता है चीन

चीन, ताइवान को अपना हिस्सा मानता है, जबकि ताइवान खुद को संप्रभु राष्ट्र मानता है। अब तक चीन ने सीधे ताइवान पर आक्रमण नहीं किया है, लेकिन वो ये सब कुछ ग्रे जोन में करता है। ये चीन की सेना का एक पैंतरा है, जिससे वो सीधे युद्ध तो नहीं करती लेकिन ये शक्ति प्रदर्शन करती है

यहां ग्रे जोन का मतलब है कि कोई देश सीधा हमला नहीं करता है लेकिन इस तरह का डर हमेशा बनाए रखता है। सीधे सैन्य कार्रवाई की जगह, ऐसी कई चीजें होती रहती हैं, जिनसे हमले का डर बना रहता है। ताइवान के साथ चीन यही कर रहा है। चीन सितंबर 2020 से 'ग्रे जोन' रणनीति का अधिक बार उपयोग कर रहा है।

जानकारों का कहना है कि ग्रे जोन युद्ध रणनीति दरअसल, एक तरीका है, जिससे लंबी अवधि में धीरे-धीरे प्रतिद्वंद्वी को कमजोर कर दिया जाता है और चीन ताइवान के साथ ठीक यही करने की कोशिश कर रहा है।

# ब्रिटिश राजघराने ने वापस लिया सम्मान तो भड़के भारतवंशी सांसद, बोले- कानूनी कार्रवाई करुंगा

**लंदन ।** ब्रिटिश संसद के उच्च सदन 'हाउस ऑफ लॉर्ड्स्ह्ल के भारतीय मूल के सदस्य रमिंदर सिंह रेंजर ने ब्रिटिश राजघराने की तरफ से दिए गए सम्मान को वापस लिए जाने के खिलाफ नाराजगी जाहिर की है। दरअसल, शुक्रवार को उन्हें कमांडर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर (सीबीई) का सम्मान छोड़ने के लिए मजबूर होना पड़ा। उन पर सम्मान प्रणाली को बदनाम करने का आरोप है। इस पर रमिंदर ने कहा है कि वह मामले में कानूनी कार्रवाई का सहारा लेंगे।

कंजर्वेटिव पार्टी के सदस्य और ब्रिटेन स्थित एफएमसीजी कंपनी सन मार्क लिमिटेड के संस्थापक रमिंदर सिंह रेंजर को दिया सम्मान ब्रिटिश राजघराने के प्रमुख किंग चार्ल्स तृतीय की तरफ से रद्द और निरस्त कर दिया गया। रमिंदर को लॉर्ड रमी रेंजर के नाम से भी जाना जाता है।

ब्रिटिश मंत्रिमंडल कार्यालय की जब्ती समिति ने हालांकि ऐसी सिफारिशों के पीछे के कारणों को स्पष्ट नहीं किया है, लेकिन यह कदम पिछले साल



लॉर्ड्स की जांच के बाद उठाया गया है, जिसमें निष्कर्ष निकाला गया था कि रेंजर ने धमकाने और उत्पीड़न से संबंधित संसदीय आचार संहिता का उल्लंघन किया था। लॉर्ड रेंजर को 31 दिसंबर, 2015 को ह्यकमांडर ऑफ द सिविल डिविजन ऑफ द मोस्ट एक्सीलेंट ऑर्डर ऑफ द ब्रिटिश एंपायर के रूप में नियुक्ति दी गई थी।

### खालिस्तान समर्थकों के खिलाफ बोलने के लिए वापस लिया गया सम्मान

इस पूरे घटनाक्रम के बाद लॉर्ड रमी रेंजर की तरफ से आधिकारिक बयान में कहा गया, आज मुझे ब्रिटिश राजघराने से मिला सम्मान वापस ले लिया गया, क्योंकि मैंने भारत को तोड़ने का इरादा रखने वाले खालिस्तान समर्थकों और बीबीसी का विरोध किया था। उन्होंने आरोप लगाया कि बीबीसी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ एक दो एपिसोड की डॉक्यूमेंट्री बनाई है, जिसमें यह इशारा किया गया है कि 20 वर्ष पहले पीएम मोदी गुजरात दंगों में शामिल थे, जबकि भारत की शीर्ष अदालत उन्हें इस मामले में बरी कर चुकी है।

# फुटपाथ से गुजर रहे थे लोग, तभी अचानक भूमिगत बिजली बॉक्स में हुआ जोरदार धमाका

## गड्ढे में जा गिरी महिला



**लीमा ।** पेरू में एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। पांच दिसंबर को रोज की तरह लोग एक फुटपाथ से होकर गुजर रहे थे, तभी कुछ ऐसा हुआ कि हलचल मच गई। दरअसल, यहां अचानक से भूमिगत बिजली के बॉक्स में जोरदार धमाका हुआ, जिससे एक महिला सड़क पर बने गड्ढे में गिर गई। महिला को गंभीर चोटें आई हैं।

### लोग शांति से फुटपाथ से गुजर रहे थे, तभी...

इस पूरी घटना का सीसीटीवी फुटेज सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है। इसमें देखा जा सकता है कि लोग शांति से फुटपाथ से गुजर रहे हैं। तभी एक महिला वहां से गुजरती है और उसी समय भूमिगत बिजली के बॉक्स में जोरदार धमाका होता है। यह विस्फोट इतना तेज था कि सड़क पर एक गहरा गड्ढा बन गया और उसे बचने का कोई समय नहीं मिला।

जिससे सड़क पर बने गड्ढे में वह गिर गई। हालांकि, वहां मौजूद सेना के एक जवान, जो गश्त कर रहा था, तुरंत उनकी मदद के लिए पहुंचा और उन्हें बचा लिया। मगर इस धमाके के कारण महिला को काफी गंभीर चोटें आई हैं।

### महिला को भेजा गया अस्पताल

स्थानीय पुलिस और सेना के अधिकारी घटना स्थल पर पहुंचे और महिला को इलाज के लिए अस्पताल भेज दिया।

# एकमत से स्वीकारा गया भारत का सह-प्रायोजित प्रस्ताव

# 21 दिसंबर को पूरी दुनिया मनाएगी विश्व ध्यान दिवस

**न्यूयॉर्क ।** संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) में भारत के एक सह-प्रायोजित प्रस्ताव पर एकमत से मुहर लगी है। इस प्रस्ताव में 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के तौर पर घोषित करने के लिए कहा गया था। सभी देशों ने इसे स्वीकारते हुए एक तरफ से इसके पक्ष में वोटिंग की।

### कौन से देश लाए ये प्रस्ताव?

इस प्रस्ताव को भारत, लिक्टेंन्स्टाइन, श्रीलंका, नेपाल, मैक्सिको और अंडोरा जैसे देशों के समूह की तरफ से यूएनजीए के 193 सदस्यों के सामने शुक्रवार को लाया गया। इन्हीं देशों ने संयुक्त राष्ट्र महासभा में प्रस्ताव को लेकर सभी जानकारियां साथी देशों के सामने रखीं।



लिक्टेंन्सटाइन की तरफ से संयुक्त राष्ट्र के पटल पर रखे गए इस प्रस्ताव को बांग्लादेश, बल्गेरिया, बुरुंडी, द डॉमिनिकन रिपब्लिक, आइसलैंड, लक्जमबर्ग, मॉरीशस, मोनाको, मंगोलिया, मोरक्को, पुर्तगाल और स्लोवेनिया की तरफ से सह-प्रायोजित किया गया था।

### भारत ने प्रस्ताव स्वीकारे जाने पर क्या कहा

इस प्रस्ताव पर मुहर लगने के बाद यूएन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि पर्वतानेनी हरीश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, व्यापक बेहतरी और आंतरिक परिवर्तन का दिन! खुशी है कि भारत ने कोर ग्रुप के अन्य देशों के साथ मिलकर 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित करने के प्रस्ताव को सर्वसम्मति से अपनाने में मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि समग्र मानव कल्याण में भारत का नेतृत्व 'वसुधैव कुटुम्बकम' यानी 'पूरा विश्व एक परिवार है' के मूल सिद्धांत पर आधारित है।

यूएन में भारत के राजदूत ने कहा कि 21 दिसंबर शीत संक्रांति का दिन है और भारतीय परंपरा के अनुसार यह दिन 'उत्तरायण' की शुरूआत का दिन है, जो कि साल के शुभ दिनों में से है, खासकर आंतरिक विचारों और ध्यान लगाने के लिए।

विश्व ध्यान दिवस के साथ एक खास बात यह जुड़ी है कि यह 21 जून को पड़ने वाले अंतरराष्ट्रीय योग दिवस से ठीक छह महीने बाद मनाया जाएगा। विश्व ध्यान दिवस से उलट योग दिवस ग्रीष्म संक्रांति के दिन मनाया जाता है। इस तथ्य का जिक्र करते हुए हरीश ने कहा कि 2014 में भी भारत ने नेतृत्व करते हुए 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के तौर पर घोषित करवाने में अहम भूमिका निभाई थी।

# अलेप्पो-हमा के बाद असद की सेना से छिना दरा का नियंत्रण

## तेजी से राजधानी दमिश्क की तरफ बढ़ रहे विद्रोही



**दमिश्क ।** सीरिया में बशर अल-असद की सरकार की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। दरअसल, इस्लामवादियों के नेतृत्व में विद्रोहियों का गठबंधन लगातार देश की राजधानी दमिश्क की तरफ बढ़ रहा है। इस बीच यह विद्रोही रास्ते में सीरियाई सेना को हराते हुए कई अहम शहरों पर भी कब्जा करते जा रहे हैं। अलेप्पो और हमा के बाद अब विद्रोहियों ने सीरिया के दरा शहर को भी कब्जा लिया है।

2011 में सीरियाई गृह युद्ध के दौरान जब मानवाधिकार कार्यकताओं ने सरकार पर कुछ लड़कों के समूह को हिरासत में लेकर प्रताड़ित करने का आरोप लगाया था, तब दरा को 'क्रांति का पालना' भी कहा गया था। यहां स्कूल की दीवारों पर असर-विरोधी पेंटिंग्स भी बनाई गई थीं।

बताया गया है कि जॉर्डन की सीमा के करीब स्थित दरा पर स्थानीय सशस्त्र बल ने कब्जा किया है। सीरियन ऑब्जर्वेटरी फॉर ह्यूमन राइट्स के मुताबिक, दरा प्रांत के अधिकतर इलाकों को स्थानीय धड़ों ने कब्जा लिया है। वे अब इस प्रांत के 90 फीसदी इलाकों पर कब्जा कर लिया है। इन सभी जगहों से असद की सेना को पीछे धकेल दिया गया है।

गौरतलब है कि रूस और ईरान के समर्थन के बावजूद इन क्षेत्रों में युद्धबंदी लागू नहीं रह पाई और हिंसा की घटनाएं लगातार जारी रही है। जानकारों की मानें तो जिस गति से विद्रोही इस बार सीरिया में एक के बाद एक शहरों पर कब्जा कर रहे हैं, वह अभूतपूर्व है।

### 27 नवंबर से जारी है संघर्ष

सीरिया में बीते 27 नवंबर से सेना और इस्लामी चरमपंथी विद्रोही समूह हयात तहरीर अल-शाम (एचटीएस) के नेतृत्व में विद्रोहियों के बीच संघर्ष शुरू हुआ। इसके बाद विद्रोहियों ने पहले अलेप्पो और फिर हमा शहर पर कब्जा कर लिया। सीरियाई सेना ने एलान करते हुए बताया कि विद्रोहियों ने शहर में डिफेंस लाइन को तोड़ दिया था, जिसके बाद उन्होंने पीछे हटने का फैसला किया।

### सीरिया में 2011 में शुरू हुआ गृह युद्ध

2011 में अरब क्रांति के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरूआत हुई थी। सीरिया के लोगों ने 10 साल से सत्ता में काबिज बशर अल-असद सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिए। इसके बाद 'फ्री सीरियन आर्मी' के नाम से एक विद्रोही गुट तैयार हुआ। विद्रोही गुट के बनने के साथ ही सीरिया में गृह युद्ध की शुरूआत हो गई थी।

# अस्पताल में घुसी इस्राइली सेना, कर्मियों-विस्थापितों को हटाया; मारे गए लोगों के शव सड़कों पर बिखरे

**काहिरा ।** इस्राइली बलों पर शुक्रवार को उत्तरी गाजा के बेत लाहिया में कमल अदवान अस्पताल पर हमला करने और लौटने से पहले कुछ कर्मचारियों और विस्थापितों को बाहर निकालने के आरोप लगे हैं।

इस बीच यहां किए गए हवाई हमलों में मारे गए लोगों के शव बाहर सड़कों पर बिखरे हुए देखे गए। अस्पताल के निदेशक हुसाम अबू सफिया ने कहा, कमल अदवान के पश्चिमी और उत्तरी किनारों पर हवाई हमलों की एक श्रृंखला के बाद गोलीबारी भी हुई और इस्राइली सेना अंदर घुस आई। निदेशक ने जानकारी दी कि अस्पताल में घुसे सैनिकों ने सभी कर्मचारियों, मरीजों और विस्थापित लोगों को अपने प्रांगण में जाने का आदेश दिया और कुछ घंटों बाद उन्हें अंदर लौटने की अनुमति दी। हालांकि इंडोनेशियाई आपातकालीन सर्जरी टीम को हमेशा के लिए परिसर छोड़ने का आदेश भी दिया गया है।



**इस्तांबुल । हमास के नेता बासेम नैम ने कहा है कि अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थों ने गाजा में युद्धविराम के लिए हमास और इस्राइल के साथ बातचीत फिर से शुरू कर दी है। उन्होंने 14 माह से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए समझौता हो जाने की उम्मीद जताई है**

# अवैध अतिक्रमण पर निगम की कार्रवाई तेज
## नगर आयुक्त ने जोनल प्रभारियों को दिए निर्देश
### अतिक्रमण के विरुद्ध विजयनगर तथा कवि नगर जोन में चला अभियान





**वसुंधरा सिटी तथा मोहन नगर में कराया गया अनाउंसमेंट**

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद नगर निगम सीमा अंतर्गत मार्गों से अवैध अतिक्रमण हटाने के लिए जोनल प्रभारियों को विशेष निर्देश नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक द्वारा दिए गए हैं। साथ ही पटरी व्यापारियों से मार्गो बाधित न करने की अपील भी की गई है। विजयनगर जोन अंतर्गत भागीरथी चौक से लीलावती चौक तक अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई जिसमें लगभग 17000 जुर्माना वसूला गया, इसी क्रम में कवि नगर जोन अंतर्गत शास्त्री नगर मार्केट एरिया में 45000 जुर्माना वसूलते हुए पॉलिथीन मुक्त अभियान तथा अवैध अतिक्रमण हटाने का अभियान चलाया गया।

सिटी जोन अंतर्गत 9 दिसंबर को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, मोहन नगर जोन अंतर्गत मंगलवार 10 दिसंबर को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की जाएगी वसुंधरा जोन अंतर्गत 11 दिसंबर को अवैध अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई की जाएगी, नियम अनुसार कार्रवाई करते हुए सभी जोन में अवैध अतिक्रमण हटाने से पूर्व अनाउंसमेंट की कार्यवाही जारी है।

नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के नेतृत्व में बाजारों तथा अन्य स्थानों पर हो रहे अवैध अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही निरंतर चल रही है जिसमें अधिकारियों को प्रवर्तन दल का सहयोग लेते हुए नियम अनुसार कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं मार्गों को खाली करने से पूर्व अनाउंसमेंट की कार्यवाही आवश्यक रूप से करने के लिए कहा गया है चल रही कार्यवाही में व्यापारी वर्ग का भी सहयोग गाजियाबाद नगर निगम को मिल रहा है जो की सराहनीय है।

# डीएम इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में सम्पूर्ण समाधान दिवस सम्पन्न
### तीनों तहसीलों में कुल 123 शिकायतें प्राप्त, 10 का मौके पर किया निस्तारण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** जिलाधिकारी इन्द्र विक्रम सिंह के निर्देशन में जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में सम्पूर्ण समाधान दिवस मनाया गया। जिसके तहत लोनी में मुख्य विकास अधिकारी अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में तहसील दिवस सम्पन्न हुआ।

तहसील दिवस में कुल 46 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 2 का मौके पर निस्तारण किया गया। सदर तहसील में कुल 29 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें से 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। वहीं मोदीनगर तहसील में 48 शिकायतें प्राप्त हुईं जिसमें 4 का मौके पर निस्तारण किया गया। इस प्रकार जनपद गाजियाबाद की तीनों तहसीलों में 123 शिकायतें प्राप्त हुईं और 10 का मौके पर निस्तारण हुआ।

सम्पूर्ण समाधान दिवस के दौरान तहसीलों में एसडीएम'स, पुलिस अधिकारी, नगर निगम अधिकारी, जीडीए अधिकारी सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने लगवाई स्ट्रीट लाइटें



**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** वार्ड 41 झंडापुर की गली 4 ओर रोड नबंर 12 पर की सड़कों पर स्ट्रीट लाइट्स लगाई जा रही हैं। पार्षद भूपेंद्र उपाध्याय ने बताया कि वार्ड 41 झंडापुर में निगम द्वारा जो स्ट्रीट लाइट दी गई उनको को लगवाया गया है ।उन्होंने कहा कि इससे न केवल वार्ड की सड़कें रोशन हुई। बल्कि इनसे सौंदर्य भी बढ़ा है। उन्होंने कहा कि झंडापुर गांव की कई सड़कें सीसी कराई गई है।

वही विकास कार्य चल रहे है, उन सभी विकास कार्यों को तेजी के साथ पूरा किया जाएगा। किसी भी योजना को बीच में रुकने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि जो लाइट खराब थी उन्हें भी ठीक कराया गया है पानी की लाइन पहले ही डलवा दी गई है जो अंदरूनी कुछ सड़के हैं, उनको भी बनवाने का प्रयास कर रहा हूं। पार्षद कार्यालय पर भी सरकार की योजनाओं के लिए कैंप लगाए जा रहे हैं जिससे लाभार्थी उसका लाभ ले रहा है।

# जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन 2024' की बैठक आयोजित





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दुर्गावती देवी सभागार विकास भवन में धर्मेन्द्र कुमार सिंह, संयुक्त सचिवालय रक्षा मंत्रालय भारत सरकार / केन्द्रीय नोडल अधिकारी एवं अभिनव गोपाल की अध्यक्षता में जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन 2024' की बैठक आहूत की गयी। बैठक में अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, हिमांशु गौतम, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

### अभियान में महिलाओं एवं बच्चों की भागीदारी को बढ़ाई जाये

करंट क्राइम। संयुक्त सचिव, रक्षा मन्त्रालय, भारत सरकार/केन्द्रीय नोडल अधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि जल शक्ति अभियान में महिलाओं एवं बच्चों की भागीदारी को बढ़ाई जाये। तकनीकी अधिकारी द्वारा पूरे जनपद में एक्यूफर मेपिंग एवं सभी रैन वाटर हार्वेस्टिंग के निकट पीजोमीटर लगाने हेतु निर्देशित किया गया। केन्द्रीय नोडल अधिकारी, धर्मेन्द्र कुमार सिंह द्वारा अभिनव गोपाल, मुख्य विकास अधिकारी, हिमांशु गौतम, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, एवं अन्य विभागीय अधिकारियों द्वारा जल शक्ति अभियान के अन्तर्गत किये गये कार्यों की प्रशंसा की गयी एवं भविष्य में इसी प्रकार कार्य करते रहने हेतु प्रोत्साहित भी किया गया तथा जल शक्ति केन्द्र, गाजियाबाद को मॉडल जल शक्ति केन्द्र के रूप में बनाया जाये। मुख्य विकास अधिकारी, गाजियाबाद द्वारा उपरोक्त कार्यों को किये जाने हेतु आश्वस्त किया गया।

मुख्य विकास अधिकारी ने केंद्रीय नोडल अधिकारी को आश्वस्त किया कि जल शक्ति अभियान 'कैच द रैन-2024' के तहत भूजल स्तर को बढ़ाने एवं वर्षा जल संचयन हेतु जो आपके द्वारा दिशा निर्देश प्रदान किए गए हैं, उनका संबंधित विभागों के अधिकारियों के माध्यम से पालन सुनिश्चित कराते हुए, जनपद में जल शक्ति अभियान 'कैच द रेन-2024' को सफल बनाने की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

### हिंडन नदी के किनारे वन जमा योजनान्तर्गत किया गया पौधरोपण

शेख महदूद होसैन, साइंटिस्ट बी द्वारा जनपद गाजियाबाद के सिद्धार्थ विहार, हिंडन नदी के किनारे वन जमा योजनान्तर्गत वन विभाग द्वारा रोपित पौध (औद्योगिक पैटर्न) का निरीक्षण किया साथ ही शेख द्वारा पौधरोपण किया किया गया। ग्राम पंचायत युसूफपुर ईशापुर में जल जीवन मिशन के अन्तर्गत निर्मित पानी की टंकी का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पानी की टंकी के पास वाटर लेवल का बोर्ड एवं पम्प का विवरण लगाने हेतु निर्देशित किया गया। उक्त के पश्चात विकास खण्ड-भोजपुर में तालाब का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के समय तालाब के बन्धों के चारों ओर वृक्षारोपण करने हेतु भी निर्देशित किया गया।

# भोवापुर भाजपा प्रत्याशी बिन्नूराम गौतम ने निकाली रैली





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा के वार्ड 21 के प्रत्याशी बिन्नूराम गौतम ने रैली निकाल जनसंपर्क किया। वह भाजपा के मंडल अध्यक्ष और पार्षद प्रत्याशियों के साथ घर-घर जाकर मतदाताओं से भाजपा के पक्ष में वोट डालने की अपील कर रहे हैं।

मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी के साथ सैकड़ो कार्यकर्ता ने भाजपा प्रत्याशियों के लिए गलियों और मोहल्लों में घूमकर वोट मांगे। बृज विहार भाजपा महिला मोर्चा ने भी चुनाव प्रचार की कमान पूरी तरह संभाल ली है।

बिन्नूराम गौतम ने कि केंद्र व प्रदेश में भाजपा की सरकार है, वही जिले में मेयर और विधायक भाजपा के है । उन्होंने कहा कि आप मुझे चुनते हैं, तो क्षेत्र का विकास होगा । ओर क्षेत्र की समस्या जैसे सड़क, गंदगी, सीवर समस्या को प्रमुखता से पूरा करने का प्रयास करेंगे। इस अवसर पर पूर्व पार्षद अतर सिंह, युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा, मंडल अध्यक्ष हरमीत बक्शी, पार्सल भूपेंद्र उपाध्याय, पार्षद विनय चौधरी, रवि गौतम, बॉबी त्यागी, अजय त्यागी, बृजेश सिंह, भूपेश शर्मा, मनोज डागर, कामनी भदौरिया, सैकड़ों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# आईएमएस यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस ने किया एमडीपी का आयोजन





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** आई.एम.एस. गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस ने मुद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ कम्युनिकेशन्स, अहमदाबाद (माइका एलएमडीपी) के सहयोग से एक दो दिवसीय मैनेजमेंट डेवलपमेंट प्रोग्राम का आयोजन होटल प्राइड प्लाजा ऐरोसिटी नई दिल्ली में किया। जिसका विषय लीडिंग एडवरटाइजिंग ट्रांसफॉर्मेशन फॉर सस्टेनेबल बिजनेस इन दी डिजिटल एरा रहा। एमडीपी में विज्ञापन रणनीतियाँ और डिजिटल मार्केटिंग चुनौतियों का आलोचनात्मक मूल्यांकन किया गया।

एमडीपी ने ब्रांड प्रबंधकों, संचार विशेषज्ञों और विपणन विशेषज्ञों को न केवल आज की डिजिटल दुनिया में विज्ञापन परिदृश्य के विकास को जाने में सहायता की, बल्कि विज्ञापन उद्योग के रणनीतिक, रचनात्मक और विश्लेषणात्मक पहलुओं को गहनता से समझाया। डेटा और एआई का लाभ उठाने से लेकर डिजिटल मार्केटिंग रणनीतियों में महारत हासिल करने तक, उपस्थित लोगों ने मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्राप्त की साथ ही ब्रांड, तेजी से बदलती प्रौद्योगिकियों और उपभोक्ता व्यवहारों को कैसे अपना सकते हैं, इस पर भी चर्चा की।

इस कार्यक्रम में डिजिटल प्लेटफॉर्म्स की ओर हो रहे परिवर्तन, व्यक्तिगत सामग्री निर्माण, और इंटरैक्टिव उपभोक्ता अनुभवों पर विशेष रूप से ध्यान केंद्रित किया गया। यह चर्चा इस बात को रेखांकित करती है कि आज के युग में किस प्रकार से उपभोक्ताओं और दर्शकों से जुड़ाव को पुनर्परिभाषित किया जा सकता है। इस एमडीपी के द्वारा विशेषज्ञों को उद्योग के वर्तमान और भविष्य के रुझानों से अवगत कराने का कार्य किया गया और साथ ही उन्हें अपने क्षेत्रों में नवाचार लाने के लिए प्रेरित किया। एमडीपी में गार्टनर, इंडिया वायर, एम्रो फिल्म्स, एरोस ग्रुप, स्टेट बैंक ऑफ इंडिया एवं अन्य कंपनियों से 50 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारम्भ आईएमएस गाजियाबाद यूनिवर्सिटी कोर्सेज कैंपस के निदेशक डॉ. अरुण कुमार सिंह, एवं माइका अहमदाबाद के प्रशिक्षक प्रो. फाल्गुनी वसावड़ा, प्रो. कौस्तव मजूमदार, और प्रो. सीडी मित्रा द्वारा माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष पुष्प अर्पित कर किया गया। यह कार्यक्रम ज्ञानवर्धक और वास्तविक दुनिया के केस स्टडीज से परिपूर्ण था।

कार्यक्रम के दौरान डॉ. पूजा रस्तोगी (विभागाध्यक्ष, डिपार्टमेंट ऑफ मैनेजमेंट) भी उपस्थित रहीं कार्यक्रम का संचालन प्रो. मयंक पांडेय द्वारा किया गया।

# महानगर अध्यक्ष पद के लिए सुधीर त्यागी का भी नाम सुर्खियों में



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** भाजपा में महानगर अध्यक्ष पद की दावेदारी को लेकर भाजपा कार्यकर्ता अपनी दावेदारी करने लगे हैं। सभी अपने-अपने समाज का हवाला देकर टिकट मांग रहे हैं। यहां सभी वर्गों के कार्यकर्ता अपने बड़े नेताओं से संपर्क हैं।

वैश्य, त्यागी, ओबीसी फैक्टर की बात करें तो यहां कई जाट, गुर्जर चेहरे हैं, लेकिन यहां एक नया नाम त्यागी समाज में सुधीर त्यागी का चला है। बृज विहार मंडल अध्यक्ष सुधीर त्यागी भाजपा के पुराने कार्यकर्ता हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि 1993 से भाजपा से जुड़े हैं।

महानगर अध्यक्ष पद के लिए उनका नाम, उनकी दावेदारी सुर्खियों में है। पार्टी के इस पुराने चेहरे में अध्यक्ष पद के लिए दिल्ली व लखनऊ में दावेदारी की है। यहां उन्होंने अपनी दावेदारी का सबसे पहला आधार अपने भाजपा के प्रति समर्पण, चुनावों में की गई मेहनत है। यहां भाजपा को त्यागी समाज के नेताओं के बारे में भी सोचना होगा। सुधीर त्यागी विधानसभा उपचुनाव में भी पूरी तरह एक्टिव रहे हैं। वही बृज विहार मंडल में दो ऐसे वार्ड पर पार्षद जिताए हैं, भाजपा पहली बार जीती है, इससे भी उनकी दावेदारी मजबूत होती है।

# डॉ. पी. कुमार बने एसोचैम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** ईस्ट इंडिया उद्योग लिमिटेड के वरिष्ठ निदेशक डॉ. पी. कुमार को एसोचैम, उत्तर प्रदेश का वरिष्ठ उपाध्यक्ष नियुक्त किया गया। डॉ. पी. कुमार वर्तमान में उपाध्यक्ष के पद पर हैं। इस संबंध में डॉक्टर कुमार से बात करने पर उन्होंने कहा कि सरकारी अधिकारी व उद्योगों के बीच संपर्क सूत्र बनकर औद्योगिक क्षेत्र में उद्योगों के हित में लगातार कार्य करेंगे एवं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार की उद्योगों को लाभान्वित करने वाली सुविधाओं एवं प्रक्रियाओं को सरल करने के लिए सरकार से अनुरोध करेंगे। उनके इस पदोन्नति पर उद्योगपति गौरव किशोर भारतीय, मोहित सराओगी, राकेश पांडे, नागेश राघव, नीरज कंसल, उज्जवल दादू, मयंक शर्मा, सत्येंद्र त्यागी, मनोज अग्रवाल, सुनील शर्मा, बनवारी लाल गुप्ता, सचिन शर्मा एवं अन्य गणमान्य व्यक्तियों ने हर्ष प्रकट किया एवं डॉ. कुमार को इसके लिए बधाई दी।

## दैनिक करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे

Sanjeev Gupta
2h ·

हर दिल अजीज एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत, हमारे मार्गदर्शक आदरणीय श्री नीरज सिंह भैय्या जी एवं भाभी जी को हमारे समस्त परिवार की ओर से वैवाहिक वर्षगाँठ की हार्दिक शुभकामनाएँ। आप दोनों की जोड़ी बहुत खुशहाल रहे। देश और दुनिया में हमारे भैय्या जी का बड़ा नाम हो। आप दोनों सहित आपके समस्त परिवार पर माता रानी की कृपा सदैव बनी रहे।




गाजियाबाद (करंट क्राइम)। बात जब यूथ आइकॉन नीरज सिंह की मैरिज एनिवर्सरी की हो तो नाईस मैन यानी समर कूल चेयरमैन संजीव गुप्ता कैसे बधाई शुभकामनाएं देने में देर करेंगे। नीरज सिंह को उनकी मैरिज एनिवर्सरी की बधाई शुभकामनाएं देते हुए समरकूल चैयरमैन संजीव गुप्ता ने उनके सफल सुखद खुशहाल वैवाहिक जीवन की कामना की ।अपने इस मन के भाव को फेसबुक पर साझा किया। बधाई शुभकामनाएं और एक आत्मीयता का अहसास कराती यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

### बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार के विरोध में कफन बांधकर की प्रेस वार्ता

# कविनगर रामलीला मैदान में सुबह 11 बजे से शुरू होगा विरोध प्रदर्शन



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बांग्लादेश में हो रहे हिंदुओं पर अत्याचार से आक्रोशित जिले का हिंदू समाज जन आक्रोश प्रदर्शन कर पूरे देश के हिंदुओं को जगाने व केंद्र सरकार को ठोस कदम उठाने के लिए मजबूर करेगा। जन आक्रोश प्रदर्शन की जानकारी देने के लिए सनातन धर्म की अग्रणी भूमिका निभाने वाले लोगों ने कफन बांधकर शनिवार को अग्रसेन वाटिका कविनगर में प्रेस वार्ता का आयोजन किया गया।

पीठाधीश्वर बीके शर्मा हनुमान ने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर भयंकर अत्याचार हो रहा है। उनकी दुकानों, प्रतिष्ठानों व मकानों को लूटा जा रहा है और उनमें आग लगाई जा रही है। हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं। भाई के सामने बहन, बेटे के सामने मां, पति के सामने पत्नी व पिता के सामने बेटी का बलात्कार किया जा रहा है। उनके खेत खलिहान दुकान मकान आदि सब पर कब्जा किया जा रहा है। सरकारी नौकरी करने वाले हिंदुओं चाहे वो डॉक्टर हो, नर्स हो, इजीनियर हा या फिर थानेदार या सिपाही हो सभी को इस्तीफा देकर बांग्लादेश से भागने के लिए मजबूर किया जा रहा है। यहां तक कि भारत भी बांग्लादेश के हिंदुओं की सुरक्षा के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठा रहा है। भारत के टुकडे-टुकडे होते गए और अफगानिस्तान, पाकिस्तान, बांग्लादेश बनते गए मगर हिंदू या तो चैन की नींद सोते रहे या फिर आपस में ही लडते रहे। आज बांग्लादेश में हो रहे अत्याचार के समय भी यही सब हो रहा है। हिंदुओं को इस नींद से जगाने के लिए ही गाजियाबाद जिले कासमस्त हिंदू समाज रविवार 8 दिसंबर को कविनगर के रामलीला मैदान में प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेंगे। उन्होंने गाजियाबद के समस्त हिंदू समाज से प्रदर्शन में भाग लेने की अपील की है। इस मौके पर देवेंद्र हितकारी, भानु सिसोदिया, गुलशन भवरी, बलदेव राज शर्मा, हरिओम सिंह, उदयवीर सिंह, अमित कटारिया, केके अरोड़ा, राजीव तेवतिया, दयानंद शर्मा, महंत जीवनऋषि महंत कैलाश गिरी, अशोक शास्त्री, विजय मोहन, सुभाष देशवाल, विवेक वशिष्ठ, रघुनंदन भारद्वाज सहित अनेक लोग उपस्थित रहे।

# समाज सेवा धर्म संस्कृति सेवा के रतन थे रतन लाल गर्ग : साध्वी डॉ गिरिजा नंदिनी





**गाजियाबाद करंट क्राइम।** श्रीदूधेश्वर नाथ मंदिर से लंबे समय तक जुड़े रहे और समाजसेवी रतन लाल गर्ग का शनिवार को निधन हो गया। उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए साध्वी डॉ गिरिजा नंदिनी ने कहा कि सही मायनों में उनके जैसे धर्म संस्कृति सेवी ,समाजसेवी तथा परोपकारी व्यक्तित्व का दुनिया से जाना एक युग का अंत है। स्वर्गीय रतन लाल गर्ग का बेहद पुराना तथा आत्मीय लगाव श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर से रहा। वह ब्रह्मलीन महंत गौरी गिरी जी महाराज के शिष्य थे।

उन्होंने लंबे समय तक श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर के प्रबंधक के रूप में भी दायित्व संभाला। उनके निधन पर श्री दूधेश्वर नाथ मंदिर की और से स्वर्गीय रतन लाल गर्ग को भगवा चादर ओढ़ा कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। नया गंज निवासी रतन लाल गर्ग ने ही सबसे पहले गाजियाबाद में कैंसर पीड़ित गरीब लोगों के इलाज का संकल्प लिया। इसके लिए उन्होंने चैरिटेबल कैंसर अस्पताल की स्थापना की।

दुहाई स्थित जगन्नाथ कैंसर चैरिटेबल अस्पताल की नींव उन्होंने स्वयं अपने हाथों से रखी थी। पोद्दार अस्पताल के चैयरमैन डॉक्टर आर के पोद्दार के साथ उनके बेहद घनिष्ठ संबंध थे। वह हमेशा समाज सेवा धर्म संस्कृति के कार्यों में उनसे विचार विमर्श करते थे। शनिवार को उनका दाह संस्कार गढ़ मुक्तेश्वर में गंगा तट पर किया गया। उनके निधन पर समाज के लोगों ने शोक व्यक्त किया। एक सच्चे राष्ट्रवादी, देशभक्त तथा मानव सेवा के लिए रतन लाल गर्ग को हमेशा याद रखा जाएगा। वो सही मायनों में मानवीय मूल्यों, मानव सेवा और धर्म संस्कृति के रतन थे।

ऐसे व्यक्तित्व वास्तव में समाज की धरोहर होते हैं और आने वाली पीढ़ी के लिए भी प्रेरणा स्तोत्र होते हैं।

उन्होंने हमेशा अपने कार्यों से सभी को यह संदेश दिया कि अगर मन में सेवा का जज्बा हो तो हम किसी भी काल में, हालात में समाज सेवा कर सकते हैं। हमारे जीवन का लक्ष्य अपने धर्म संस्कृति की रक्षा करना होना चाहिए। हम अपने समाज अपने देश के लिए हमेशा सकारात्मक सोच के साथ काम करे।